

दैनिक

# पुष्पांजली टुडे

नई सोच नई पहल



6 पेज

पेज 7

ग्वालियरः वर्षः 3 : अंकः 71 | ग्वालियर मंगलवार20 दिसम्बर 2022 | पृष्ठः 8 मूल्यः 2 रुपए

## बीजेपी राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक पर टिकी निगाहें

बीजेपी की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक जनवरी (2023) के मध्य में हो सकती है. कर्नाटक या मध्य प्रदेश में यह बैठक रखी जा सकती है. हालांकि, जगह और तारीख को लेकर अंतिम फैसला आने वाले हफ्तों में लिया जाएगा. इकोनॉमिक टाइम्स ने जानकार लोगों के हवाले से यह रिपोर्ट प्रकाशित की है. रिपोर्ट में कहा गया है कि सबकी निगाहें बीजेपी की जनवरी में होने वाली राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक पर हैं. रिपोर्ट के मुताबिक, बीजेपी आमतौर पर ऐसे राज्य में राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक करती है, जहां चुनाव होने वाले होते हैं. चूंकि कर्नाटक में 2023 की शुरुआत में विधानसभा चुनाव होना है, इसलिए यह दक्षिणी राज्य बैठक के लिए पसंद में गिना जा रहा है. बीजेपी की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक ऐसे समय होगी जब पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा का कार्यकाल 20 जनवरी को खत्म हो रहा है. रिपोर्ट में पार्टी सूत्रों के हवाले से लिखा गया



है कि बीजेपी के संसदीय बोर्ड के पास पार्टी अध्यक्ष का कार्यकाल बढ़ाने का अधिकार है. अगर नड्डा का कार्यकाल बढ़ाने के लिए फैसला लिया जाता है तो संसदीय बोर्ड को पार्टी की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की मंजूरी भी लेनी होगी. कार्यकारिणी से मंजूरी मिलने के बाद, बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष का कार्यकाल बढ़ाने का प्रस्ताव पारित करने के लिए एक राष्ट्रीय कार्यकारी परिषद को बुलाया जा सकता है. आम तौर पर बीजेपी राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक साल में दो बार आयोजित करती है. साल की पहली और आखिरी तिमाही में ये बैठकें की जाती हैं. पार्टी की पिछली कार्यकारिणी की बैठक अक्टूबर में हैदराबाद में हुई थी. जनवरी में संभावित बीजेपी की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक में आगामी विधानसभा चुनावों को लेकर पार्टी की रणनीति पर चर्चा होगी.हाल में हुए हिमाचल प्रदेश और गुजरात विधानसभा चुनावों में पार्टी के प्रदर्शन, दिल्ली नगर चुनाव में बीजेपी की हार आदि विषयों पर कार्यकारिणी बैठक में समीक्षा की जाएगी. रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत की जी-20 अध्यक्षता संबंधी उपलब्धि को जमीनी स्तर पर कैसे ले जाया जाए, इसे लेकर बीजेपी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में बैठकें शुरू करेगी. इनमें देश की जी-20 की अध्यक्षता को लेकर व्यापक चर्चा होगी और बीजेपी नेता और कार्यकर्ताओं की भागीदारी किस रूप में होगी, इसे लेकर योजना बनाई जाएगी.

## काकोरी बलिदान दिवस पर सीएम योगी ने शहीदों के शौर्य को किया याद, ब्रिटिश शासन पर कही ये बात



गोरखपुर . में काकोरी बलिदान दिवसके अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में हिस्सा लिया. सीएम योगी ने कहा कि देश की आ?ादी के लिए राजधानी लखनऊ के पास काकोरी में भारत के खजाने को ब्रिटिश सरकार देश के बाहर भेजना चाहती थी. उसे लूटा गया था. उस समय क्रांतिकारियों को गिरफ्तार किया गया. रामप्रसाद बिस्मिल को 1927 में गोरखपुर में फांसी हुई थी. ब्रिटिश इतने डरे थे कि दो दिन पहले ही फांसी दे दी गई.सीएम योगी ने कहा, %आज हम देश के आजादी का अमृत महोत्सव मना रहे हैं. प्रधानमंत्री जी ने देश को पंच प्रण का मंत्र दिया था, उसमें सबसे पहला प्रण विरासत का सम्मान था. आज प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में उस दिशा में आगे बड रहा है. काकोरी ट्रेन में मात्र 4600 रुपये का ही खजाना था लेकिन ब्रिटिशों ने क्रांतिकारियों के लिए 10 लाख रुपये फूंक दिए. क्रांतिकारियों के बलिदान की अनगिनत कथा है. 1857 का प्रथम स्वंतत्रता आंदोलन उत्तर प्रदेश के ही मंगल पांडेय जी की देन थी.सीएम योगी ने आगे कहा, डदेश के स्वतंत्रता में क्रांतिकारियों ने अमर बलिदान दिया. गोरखपुर में चौरी-चौरा घटना में किसानों ने भाग लिया. आजादी के पहले क्रांति 1857 में झांसी से क्रांति हुई. मेरठ में धन सिंह कोतवाल ने बिगुल फूंका. आज इस अवसर पर हम भव्य ड्रोन शो के साक्षी बनने जा रहे हैं. उत्तर प्रदेश की सरकार आ?ादी के नायकों का सम्मान कर रही है. हम अपनी परंपराओं के वर्तमान के वाहक हैं. हमें परंपराओं और विरासत पर गर्व होना चाहिए. जो ब्रिटेन हमपर 200 वर्ष शासन करता रहा. उसे पछा?कर भारत 5वीं ब?ी अर्थव्यवस्था बना है. जिन 20 देशों में इनोवेशन और पेटेंट होता है.

## न्यूज ट्रैक

### तालिबानी आतंकियों ने पाकिस्तान के काउंटर टेररिज्म डिपार्टमेंट पर किया कब्जा



**अफगानिस्तान।** अफगानिस्तान पर जब तालिबान ने कब्जा किया था, तब पाकिस्तान बहुत खुश हुआ था. पाकिस्तान को लगता था कि वो तालिबान के सहारे भारत से जंग करेगा. हालांकि, उसका ये सपना अब टूटता नजर आ रहा है. पाकिस्तान और तालिबान के बीच तनाव लगातार बढ़ता जा रहा है. जानकारी के मुताबिक तालिबान ने पाकिस्तान पर हमला कर दिया है. तालिबान आतंकवादियों ने रविवार (18 दिसंबर) को पाकिस्तान के अशांत खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के बन्नू जिले में हमला बोल दिया और एक काउंटर टेररिज्म सेंटर पर कब्जा कर लिया. पाकिस्तानी पुलिस के मुताबिक, तालिबानी आतंकियों ने कई जवानों को बंधक बना लिया है. एक पुलिसकर्मी की मौत हो गई है. पाकिस्तान की पुलिस ने बताया, ÷आतंकवादियों ने छावनी में घुसपैठ की और वहां कैद वांछित आतंकवादियों को मुक्त करा लिया है. इस दौरान उन्होंने कुछ जवानों को भी बंधक बना लिया है. आतंकियों ने खतरनाक हथियार से हमला किया, जिसमें हैंड ग्रेनेड और रॉकेट लॉन्चर भी शामिल हैं. ष्टञ्जष्ठ सुरक्षा कर्मियों को बंधक बनाकर परिसर के एक हिस्से को अपने नियंत्रण में ले लिया है. टीटीपी उग्रवादियों ने सीटीडी परिसर के अंदर से एक वीडियो जारी किया है. इस वीडियो में उन्होंने दावा किया कि 9 पुलिस कर्मी कैद में हैं. बंधकों को रिहा करने के लिए आतंकियों ने हवाई मार्ग से अफगानिस्तान जाने के लिए सुरक्षित मार्ग देने की मांग की है. खैबर पख्तूनख्वा मुख्यमंत्री के विशेष सहायक बैरिस्टर मोहम्मद अली सैफ ने बताया कि कुछ संदिग्धों को हिरासत में भी लिया गया है. गिरफ्तार किए गए लोगों ने घटनास्थल पर तैनात सुरक्षाकर्मियों से हथियार छीनने की कोशिश की थी. उन्होंने कहा, स्थिति पूरी तरह से नियंत्रण में है. सुरक्षा बलों ने इलाके की घेराबंदी कर दी है. ऑपरेशन चल रहा था और थोड़ी देर में पूरा हो जाएगा.

**पुलिस थाने पर भी हमला हुआ**-एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी के हवाले से डॉन डॉट कॉम ने बताया कि प्रतिबंधित आतंकवादी संगठनों के लगभग 25 सदस्य गिरफ्तार किए गए हैं. इन लोगों ने ष्टञ्जष्ठ केंद्र पर तैनात सात सुरक्षाकर्मियों से बंदूकें छीनकर बंधक बना लिया था. अब इन लोगों से पूछताछ की जा रही है. दूसरी तरफ पुलिस के मुताबिक एक अन्य घटना में दक्षिणी वजीरिस्तान में थाने पर हमले में कम से कम चार पुलिसकर्मियों की मौत हो गई है. 2007 में कई उग्रवादी संगठनों ने मिलकर टीटीपी की स्थापना की थी. यह आतंकवादी समूह अलकायदा का हिस्सा है. इस संगठन ने पिछले महीने ही पाकिस्तानी सरकार के साथ किया गया संघर्ष विराम को वापस ले लिया था और अपने उग्रवादियों को देश भर में आतंकवादी हमले करने का आदेश दिया. यह संघर्ष विराम समझौता जून में किया गया था.

## विधानसभा में सावरकर की तस्वीर पर बवाल

**नई दिल्ली।** कर्नाटक असेंबली हॉल में सावरकर की तस्वीर लगाए जाने के खिलाफ विपक्ष के नेता सिद्धारमैया और अन्य कांग्रेस विधायकों ने विधानसभा के बाहर विरोध प्रदर्शन किया. कर्नाटक कांग्रेस के प्रमुख और विधायक डीके शिवकुमार वीर सावरकर ने विधानसभा हॉल में फोटो लगाए जाने का विरोध करते हुए कहा, सत्ता पक्ष बीजेपी चाहती है कि विधानसभा की कार्यवाही न हो. कांग्रेस ने सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि सत्ता पक्ष विधानसभा की कार्यवाही बाधित करना चाहती है. इसलिए वे यह फोटो लेकर आए हैं, क्योंकि कांग्रेस उनके खिलाफ भ्रष्टाचार के कई मुद्दे उठाने जा रहे ही. उनके पास विकास का कोई एजेंडा नहीं है.

कर्नाटक विधानसभा हॉल में वीडी सावरकर की फोटो का अनावरण करने के खिलाफ कांग्रेस विधायकों ने विपक्ष के नेता सिद्धारमैया के साथ विरोध किया है. सिद्धारमैया ने वाल्मीकि, बासवन्ना, कनक दास, बीआर अंबेडकर, सरदार वल्लभभाई पटेल और कई अन्य लोगों की तस्वीर लगाए जाने को लेकर विधानसभा अध्यक्ष को चिट्ठी लिखी. कांग्रेस का कहना है कि सावरकर



एक विवादित शख्सियत थे, तो उनका सम्मान क्यों किया जा रहा है. सिद्धारमैया ने कहा कि कर्नाटक में इससे भी बढ़े मुद्दे मौजूद हैं लेकिन उनपर कोई बात करने को तैयार नहीं है. कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस नेता सिद्धारमैया ने आगे कहा कि कर्नाटक में बेरोजगारी, लैंड एक्विजिशन और किसान जैसे कई अहम मुद्दे हैं, जिनपर सरकार चर्चा नहीं करती. उन्होंने कहा कि यह कोई विरोध नहीं है, यह हमारी मांग है कि सभी राष्ट्रीय नेताओं और समाज सुधारकों की तस्वीरें कर्नाटक विधानसभा हॉल में लगाई जाएं. स्पीकर ने विधानसभा में वीर सावरकर की तस्वीर लगाने का एकतरफा फैसला लिया है, जिसका हम विरोध करते हैं. उन्होंने कहा कि वह किसी की तस्वीर लगाने के खिलाफ नहीं हैं. सरकार कानून व्यवस्था जैसे वास्तविक मुद्दों से लोगों का ध्यान भटकाना चाहती है. कर्नाटक कांग्रेस के प्रमुख और विधायक डीके शिवकुमार ने कहा कि सरकार ने विपक्ष के दबाव में काफी समय बाद विधानसभा का सत्र बुलाया. उन्होंने कहा इस सेशन में कांग्रेस राज्य सरकार से जुड़े भ्रष्टाचार के मामलों पर चर्चा करना चाहती थी. इसके अलावा हम राज्य चुनाव आयोग की ओर से तैनात किए गए 8000 से ज्यादा बीएलओ को लेकर भी चर्चा कराना चाहते थे. उनपर आरोप है कि वो वोटरों का डाटा चोरी कर सरकार से साथ साझा कर रहे हैं. कर्नाटक विधानसभा में सावरकर की तस्वीर लगाने पर विवाद को लेकर केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी ने कहा, सावरकर की फोटो लगाने से आपको दुख हुआ.

## चीन में कोरोना मचाएगा तबाही, आधी से ज्यादा आबादी के संक्रमित होने की आशंका

**चीन।** चीन में कोरोना संक्रमण की वजह से हाहाकार मचा हुआ है. एक उच्च चीनी स्वास्थ्य अधिकारी का मानना है कि देश कोविड संक्रमण की तीन संभावित लहरों में से पहली लहर का सामना कर रहा है. इस महीने की शुरुआत में चीन ने कोविड नीति के तहत लॉकडाउन और क्वारंटीन प्रतिबंधों को हटा दिया था, तभी से वहां कोरोना संक्रमित मरीजों की संख्या तेजी से बढ़ने लगी है. ताजा आधिकारिक आंकड़े हालांकि नए रोजाना मामलों की तुलना में कम संख्या दिखाते हैं. चीन में रविवार (18 दिसंबर) को कोरोना संक्रमण के केवल 2097 नए मामले दर्ज किए गए. बीबीसी की रिपोर्ट के अनुसार, महामारी विज्ञानी वू जुन्यो ने कहा है कि उनका मानना है कि संक्रमण में मौजूदा स्पाइक जनवरी के मध्य तक चलेगा, जबकि दूसरी लहर के जनवरी के आखिर तक



बढ़ने की संभावना है. चीन में नए साल के समारोह पर आमतौर पर परिवार के साथ छुट्टियां बिताने के लिए लाखों लोग यात्रा करते हैं. डॉ वू ने कहा कि मामलों में तीसरा उछाल फरवरी के अंत से मार्च के मध्य तक चलेगा क्योंकि लोग छुट्टी के बाद काम पर लौटेंगे.

## बाराबंकी हत्याकांडः घर में रात भर चलती रही पार्टी, डिनर के बाद पत्नी ने की पति की हत्या

उत्तर प्रदेश के बाराबंकी से एक सनसनीखेज मामला सामने आया है. यहां एक पत्नी ने शराब पीने को लेकर हुए झगड़े में अपनी पति की हत्या कर दी. यूपी के बाराबंकी में




पत्नी ने शराब के नशे में पति की बेरहमी से हत्या कर दी. इसके बाद हत्या का राज छुपाने के लिए वह घर से निकली और चिल्लाने लगी कि कुछ लोग उसके पति की हत्या कर भाग गए. सूचना पर पहुंची पुलिस ने जब पड़ताल की तो सच सामने आ गया. इससे इलाके में सभी लोग हैरान रह गए. जिले के पीरपुर थाने के निवासी राम औसन रावत के बेटे विनय राज (28 वर्ष) के घर कुछ रिश्तेदार आए हुए थे. यहां शराब पीने और खाने को लेकर पति-पत्नी में कुछ विवाद हो गया. नशे में धुत विनय राज की पत्नी राधा ने सिर पर बांका मारकर उसकी हत्या कर दी. वारदात को अंजाम देने के बाद वह घर से निकली और चिल्लाने लगी कि किसी ने उसके पति को मार डाला है. सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंच गई.

## जहरीली शराब से हुई मौत की न्यायिक जांच कराएं नीतीश कुमार

**बिहार।** बिहार में जहरीली शराब पीने से हुई मौतों पर बयानबाजी जारी है. शासन-प्रशासन की ओर से इस घटना में सिर्फ 38 लोगों के मरने की बात कही जा रही है, बनियापुर से आरजेडी विधायक केदार सिंह भी 100 से ज्यादा मौतों की बात कह रहे हैं. अब इस मामले पर भी राजनीति गरम है. बीजेपी के दिग्गज नेता और बिहार विधानसभा में नेता विपक्ष विजय सिन्हा ने सरकार पर जमकर हमला बोला. विजय सिन्हा ने पूरे मामले की न्यायिक जांच की मांग की है. साथ ही मृतकों के परिजनों को मुआवजा देने की मांग की है. उनका कहना है कि सरकार मौत का आंकड़ा छिपा रही है. उन्होंने कहा, हम उस क्षेत्र में गए हैं. हमें लोगों ने बताया कि प्रशासन के दबाव में बगैर पोस्टमार्टम किए लाशों को जलाया गया है.



## बंदूक से खेलते वक्त छोटे भाई ने दबाया ट्रिगर, 7 साल के मासूम की मौके पर मौत

बेंगलुरु। बेंगलुरु में एक सात साल के बच्चे की बंदूक से खेलते वक्त गोली चलने से दर्दनाक मौत हो गई. घटना शनिवार (17 दिसंबर) दोपहर रामनगर जिले के




कनकपुरा तालुक के कडुशिवनहल्ली गांव में हुई. मृतक की पहचान उत्तर प्रदेश के चंदौली जिले के रहने वाले अमीनुल्लाह के पुत्र शमाबीन के रूप में हुई है. पुलिस ने कहा कि अमीनुल्लाह खेत में मजदूरी का काम करता है और उसके छह बच्चे हैं. पुलिस ने बड़े भाई को गोली मारने के आरोप में छोटे भाई के खिलाफ मामला दर्ज किया है. इसके अलावा पुलिस ने अमीनुल्ला के मालिक मल्लेश (51) को भी अवैध रूप से हथियार रखने के आरोप में आर्म्स एक्ट के तहत गिरफ्तार किया है. पुलिस ने इस मामले में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है. पुलिस को मिली जानकारी के मुताबिक, अमीनुल्लाह और उनका परिवार 5-6 महीने पहले कर्नाटक आया था और मैसूरु में काम कर रहा था. मैसूरु में काम खत्म होने से पहले अमीनुल्लाह ने अपने दोस्त अजय प्रजापति से संपर्क कर उनसे कुछ काम खोजने के लिए कहा. कोडिहल्ली में काम करने वाले प्रजापति ने परिवार को कोडिहल्ली आने के लिए कहा, जिसके बाद अमीनुल्लाह का परिवार 14 दिसंबर को कोडिहल्ली में शिफ्ट हो गया और नौकरी की तलाश में लग गया. मल्लेश ने उन्हें अपने खेत में काम करने का प्रस्ताव दिया. इसके बाद परिवार शुक्रवार को वहां गया और एक शेड में रहने लगा.

## राजस्थान में दौसा के बांदीकुई से राहुल गांधी ने शुरू की यात्रा



कांग्रेस की भारत जोड़ो यात्रा इन दिनों राजस्थान के दौसा जिले से होकर गुजर रही है. कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने आज (19 दिसंबर) पार्टी नेताओं के साथ भारत जोड़ो यात्रा की शुरुआत दौसा के बांदीकुई से की है. इस दौरान राहुल गांधी के साथ राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत और कांग्रेस विधायक सचिन पायलट मौजूद रहे. आज राहुल गांधी के नेतृत्व में चल रही भारत जोड़ो यात्रा सुबह करीब 10 बजे अलवर पहुंचेगी. बांदीकुई से अलवर में प्रवेश करने के लिए राजगढ़ के सुरेर में इस यात्रा का एंट्री प्वाइंट है. दोपहर ढाई बजे मालाखेड़ा में राहुल गांधी एक सभा को सभी संबोधित करेंगे. इस सभा में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, सीएम अशोक गहलोत और सचिन पायलट मौजूद रहेंगे. रविवार (18 दिसंबर) को भारत जोड़ो यात्रा के दौरान कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने राजस्थान की नागरिक संस्थाओं के सदस्यों के साथ मुलाकात की. इस दौरान उन्होंने शिक्षा के 'सांप्रदायीकरण', स्वास्थ्य के अधिकार और खाद्य सुरक्षा जैसे कई अहम मुद्दों पर चर्चा की. रविवार को यात्रा शुरू होने पर राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत और सीनियर नेता सचिन पायलट भी राहुल गांधी के साथ-साथ चले.

## मेघालय में कांग्रेस को झटका, पूर्व मंत्री एंपरीन लिंगदोह ने छोड़ा साथ

**नई दिल्ली।** मेघालय के पूर्वी शिलांग से विधायक एंपरीन लिंगदोह



ने कांग्रेस पार्टी से इस्तीफा दे दिया है. उन्होंने अपने आधिकारिक हैंडल से ट्वीट कर कांग्रेस से औपचारिक इस्तीफे की घोषणा की है. सोमवार (19 दिसंबर) सुबह 9ः20 बजे उन्होंने इस्तीफे का पत्र ट्वीट किया, जिसमें कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, पार्टी के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी और कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा को टैग किया है. इस्तीफे में लिंगदोह ने लिखा, मेरा ज्यादातर जीवन भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की कट्टर समर्थक और पैदल सैनिक के रूप में बीता है.

## क्या दिसंबर 2022 से आगे बढ़ेगी पीएम गरीब कल्याण अन्न योजना ?

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना को आगे बढ़ाने को लेकर सरकार जल्द ही बड़ा फैसला ले सकती है. मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक सरकार पीएम गरीब कल्याण अन्न योजना को नए साल में जारी रखने के विचार के खिलाफ नहीं है. माना जा रहा है कि इस योजना से समाज के गरीब और कमजोर वर्गों को फायदा हुआ है. योजना के तहत लाभार्थियों को हर महीने 5 किलो मुफ्त खाद्यान्न मिलता है. यह उस मात्रा के अतिरिक्त है जो उन्हें राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत बेहद ही रियायती दाम पर दिया जाता है.

केंद्र ने पीएम गरीब कल्याण अन्न योजना के सात चरणों के लिए कुल 3.9 लाख करोड़ रुपये की सब्सिडी का अनुमान लगाया है. टीओआई की एक रिपोर्ट के मुताबिक सूत्रों ने कहा है कि मार्च 2023 तक योजना के विस्तार से सब्सिडी बिल में 40,000 करोड़ रुपये और जुड़ जाएंगे. जबकि वित्तीय बोझ एक पहलू है.



सरकार के लिए वास्तविक चुनौती जरूरतों को पूरा करने के लिए गेहूं का मौजूदा स्टॉक है. केंद्र सरकार के अनुमान के मुताबिक 138 लाख टन के बफर मानदंड के मुकाबले 1 जनवरी, 2023 तक केंद्रीय पूल में करीब 159 लाख टन गेहूं उपलब्ध रहेगा. सूत्रों ने कहा कि अगर मार्च तक बढ़ाया जाता है तो जनवरी और मार्च 2023 के बीच करीब 68 लाख टन गेहूं का एक और उठाव होगा. इससे सरकार के पास 1 अप्रैल तक लगभग 91 लाख टन गेहूं का कुल स्टॉक बचेगा. मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक एक अधिकारी ने कहा है कि सरकारी स्टॉक से खुले बाजार में गेहूं की बिक्री की कोई गुंजाइश नहीं होगी. जरूरत पड़ने पर कदम उठाएंगे. सूत्रों ने कहा कि हालांकि इस मुद्दे पर बैठकें हुई हैं. अधिकारी पीएम गरीब कल्याण अन्न योजना पर सरकार के फैसले का इंतजार कर रहे हैं. फिलहाल एफसीआई खुले बाजार में गेहूं के स्टॉक की पेशकश करेगा या नहीं यह सरकार पर निर्भर करता है.

# मुख्यमंत्री सभा में काले झंडे दिखाने वाले ओबीसी महासभा के कार्यकर्ता हुए रिहा

## शहर में हुआ जगह जगह जोरदार स्वागत

**अनिल कुशवाह प्रभारी**
**पुष्पांजलि टुडे**



**शिवपुरी-** 16 दिसंबर को मुख्यमंत्री कार्यक्रम में काले झंडा दिखाने वाले ओबीसी के कार्यकर्ता जिनको कोतवाली पुलिस ने 151 की कार्रवाई कर जेल भेज दिया गया था लगातार दो दिन से चल रहे उनकी रिहाई पर ओबीसी महासभा धरना दे रही थी आज भी ओबीसी महासभा के द्वारा जब उनकी जमानत करवाई गई तो जेल में से उनको बाहर निकलने से पहले जब वह भी सीमा सभा को पता चला कि जेल में उनके साथ में अभद्रता की गई है तो ओबीसी महासभा के कार्यकर्ता जेल के बाहर धरने पर बैठ गए और नारेबाजी करने लगे जब ओबीसी महासभा के कार्यकर्ताओं को जेल से रिहा नहीं किया गया तब ओबीसी महासभा के पदाधिकारी जेल के सामने ही जेलर मुर्दाबाद के नारे लगाते रहे और प्रशासन को कोसते रहे इसके बाद जब ओबीसी महासभा के सभी कार्यकर्ताओं को जेल से बाहर निकाला गया तो उन्होंने ओबीसी महासभा जिंदाबाद के नारे लगाते हुए उनका जोरदार स्वागत किया और मालाएं पहनाई इसके बाद ओबीसी महासभा के समस्त कार्यकर्ता शहर से जुलूस निकालते हुए गए जिसके दौरान ओबीसी महासभा के कार्यकर्ताओं का जेल से रिहा होने पर जगह-जगह स्वागत किया गया इसके बाद वह प्राण छात्रावास पहुंचकर अपनी मीटिंग ली और मीटिंग के बाद अपने अपने घर चले गए

# दिन दहाडे लूट ले गए मोबाइल और रुपये ,सुनसान होने का उठाया फायदा

**अनिल कुशवाह प्रभारी**
**पुष्पांजलि टुडे**



**शिवपुरी**-खबर कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत आने वाले रेलवे स्टेशन के पास की है जहां दिनांक 17.12.2022 समय दिन के 4.00 बजे की है जब लालाराम पुत्र नत्थू राम धाकड़ निवासी ग्राम नगला जिला शिवपुरी नवीन रेल्वे स्टेशन गोदाम से आगे मोतीलाल देदखुर्द वालों के बोर पर गया था कि लौटते समय मालगोदाम के आगे तीन अज्ञात व्यक्तियों द्वारा लालाराम की मोटर साईकिल होण्डा की गाडी जो मेरे लडके के नाम से है को रोका और जबरदस्ती उनकी मोटर साईकिल पर विठाकर गोदाम के पास ववूलों तरह ले जाकर मेरे हाथ पैर स्वाफी से बाधकर मोबाईल व नगदी 890 रूपये व मेरी मोटर साईकिल डीलक्स को लेकर भागने लगे तब मैरे ऐसे तैसे अपने पैर निकाले और वहां से छूट कर भागा तो कॉलोनी के पास एक दरोगाजी खडे थे उनको घटना बताई तो उन्होंने मुझे अपनी गाडी पर विठाकर अज्ञात लोगों का पीछा किया तो मेरी मोटर साईकिल को छोडकर एक मोटर साईकिल से उक्त लुटेरे भाग गये । इसके बाद मैने अपनी मोटर साईकिल को लेकर थाने कोतवाली शिवपुरी में आया हूँ. उक्त अज्ञात लोगों के नाम पते नहीं जानता हूँ सामने आने पर पहचान लूगा । मेरी गाडी की चाबी अज्ञात लोग ही लेकर चले गये है। उक्त लोग बुरी तरह शराब के नशे में धुत्ते थे। शहर में आए दिन ऐसी घटनाएं बढ़ती जा रही है और ऐसे ही लोग स्मैक और अन्य चीजों का नशा करते हैं और लोगों को लूटते हैं

# शिक्षा के नाम पर टाइम पास कर रहे शिक्षक




**पुष्पांजली टुडे संवाददाता विशाल सिंह की रिपोर्ट**

करैरा अमोला थाना क्षेत्र के अंतर्गत शिक्षा का माहौल बहुत ही खराब देखने को मिल रहा है यहां पर शिक्षक केवल पढ़ाई के नाम पर टाइम पास कर रहे हैं जानकारी के अनुसार शासकीय हाई स्कूल टोडा पिछोर कभी भी समय पर नहीं खुलता है और समय से पूर्व ही बंद हो जाता है 11:00 बजे तक कोई भी शिक्षक स्कूल पर उपस्थित नहीं रहे और जब 4:00 बजे देखा गया तो स्कूल बंद पड़ा मिला दोनों ही स्थितियों में जब जिला शिक्षा अधिकारी को अवगत कराया गया तो उन्होंने कहा कि हम जांच करवा कर कार्रवाई करेंगे

# दबंग लोगो का दबदबा बरकरार परिहार परिवार पर गिरा केहर

## परिहार परिवार के तीन लोगों को बुरी तरह घायल किया जो शिवपुरी अस्पताल में पढ़े हुए हैं

**संवाददाता हरिओम परिहार की रिपोर्ट**



**खनियाधाना,।** खबर खनियाधाना अनु विभागीय ग्राम पंचायत वाघोली से है जहा परिहार परिवार के लोगों के लिए कुल्हाड़ी फरसा व खंगार परिवार के सदस्यों के लिए बुरी तरह से काटा दबंग लोगों का दबदबा बरकरार है यादव परिवार के लोगों ने एक परिहार परिवार के लोगों के लिए बुरी तरह से जख्मी किया और पीटा जोकि खनियाधाना से शिवपुरी जिला अस्पताल के लिए रेफर किया गया है जिनकी गंभीर स्थिति बनी हुई है आज सभी खंगार समाज के लोगों ने एसपी ऑफिस का घेराव किया और एसपी ऑफिस पहुंचकर आवेदन दिया जिसमें आरोपियों को जल्द से जल्द गिरफ्तार किया जाए और उनके ऊपर सख्त से सख्त कार्रवाई की जाए आज परिहार समाज ईतनी आक्रोशित में है आए दिन भर दिन हो रही है उनके साथ घटनाए

# सर्वोत्तम तीर्थ स्थान सम्मेद शिखरजी को पर्यटन स्थल बनाने से रोकने के लिए जैन समाज ने विरोध प्रदर्शन किया

**जगदीश पाल रिपोटर खनियाधाना**




**खनियाधाना** , सर्वोत्तम तीर्थ स्थल सम्मेद शिखरजी को पर्यटन स्थल बनाने से रोकने के लिए जैन समाज के लोगों द्वारा विरोध प्रदर्शन किया गया साथ ही रैली निकाली है रैली जैन मंदिर से प्रारंभ होगा बस स्टैंड होते हुए तहसील कार्यालय पहुंची जिसमें जैन समाज के सैकड़ों की संख्या में महिला पुरुष हाथों पर काली पट्टी बांध का केंद्र सरकार के खिलाफ नारे लगाते हुए विरोध प्रदर्शन किया तथा तहसील कार्यालय पर पहुंचकर प्रधानमंत्री एवं राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन तहसीलदार को सौंपने के लिए कार्यालय पहुंची लेकिन कई घंटों की प्रतीक्षा के बाद भी खनियाधाना तहसीलदार मुख्यालय होने के बावजूद भी तहसीलदार नहीं पहुंचे तो जैन समाज के लोगों में काफी रोष व्याप्त हो चुका था जिसकी वजह से जैन समाज के लोगों ने बस स्टैंड पर पहुंचकर प्रमुख रोड पर चक्का जाम किया पिछोर तहसीलदार ने प्रदर्शनकारियों को समझाया और ज्ञापन सौंपा गया और चक्का जाम खोला गया

# गोवा में आयोजित ए एफ एफ आई आई के कार्यक्रम शिवपुरी की काजल सिसोदिया ने जीता खिताब



**अनिल कुशवाह प्रभारी**
**पुष्पांजलि टुडे**

**शिवपुरी-** गोवा में आयोजित आर्ट एंड फिल्म फेस्टिवल ऑफ इंडिया इंटरनेशनल अवॉर्ड्स के आठवें संस्करण में शिवपुरी के जैक इन जिल इंटरनेशनल स्कूल की उप प्राचार्य श्रीमती काजल सिसोदिया ने गोवा मैं आयोजित कार्यक्रम में कलासिकल का फास्टसडप का खिताब जीता यह कार्यक्रम एक्सक्लूसिव एंड एक्स्ट्राऑर्डिनरी द्वारा आयोजित किया गया था लगभग 55 हजार आवेदन प्राप्त हुये थे एक्सक्लूसिव एंड एक्स्ट्राऑर्डिनरी इवेंट का 18वां एडिशन गोवा में सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। अब आयोजक जल्द ही अगले शो पर अपना ध्यान केंद्रित कर रहे हैं, जब वे इस शानदार इवेंट के 19वें संस्करण को आयोजित करने की योजना बना रहे हैं फेस्टिवल 24 नवंबर से 26 नवंबर के बीच चला और इसकी शुरुआत दर्जनों फिल्मों की स्क्रीनिंग के साथ हुई, पेजेंट और अवॉर्ड्स का आयोजन भी किया गया केवल बेहतरीन फिल्मों, पार्टियों और कार्यक्रमों के अलावा, ये महान फिल्म निर्माताओं से अद्भुत बातें सुनने का वहां उपस्थित लोगों के लिए बेहतरीन अवसर था।

# हाल ही मैं हुई लूट की घटना का किया खुलासा तीन आरोपियों को किया गिरफ्तार, लूटा हूआ माल किया बरामद

**अनिल कुशवाह प्रभारी**
**पुष्पांजलि टुडे**




**शिवपुरी**-बीते 2 दिनों के रात्रि करीब 10.15 बजे फरियादी सुनील वर्मा पुत्र गंगाराम वर्मा उम्र 27 नि बगवासा हाल् निवासी शिव कालोनी का अपने निवास से पोहरी चैराहे तरफ पैदल जा रहा था तभी दो लडकों ने आकर उसका ओप्पो कंपनी का मोवाइल नगद 19000 रुपये व हाथ मे पहना चांदी का कडा छीन कर भाग गए घटना की रिपोर्ट पर से थाना कोतवाली पर अपराध क्रं. 849/22 धारा 392 भादवि 11/13 डकैती अधिनियम का पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया । चूकिं घटना शहर के बीचों बीच घटित हुई थी इस पर से पुलिस अधीक्षक श्री राजेश सिह चन्देल ने घटना को गम्भीरता से लेते हुए पुलिस टीम बनाकर अपराध के खुलासा कर आरोपियों की जल्द से जल्द गिरफ्तारी के लिए निर्देश दिए । इस पर से अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री प्रवीण भूरिया एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस अनुभाग शिवपुरी श्री अजय भार्गव के मार्गदर्शन मे कोतवाली के उनि दीपक पालिया एवं उनि. सुमित शर्मा नेतृत्व मे पुलिस टीम ने अपने मुखबिरों को मामूर किया एवं शहर मे लगे सीसीटीव्ही कैमरों को खंगाला एवं घटना से जुडे हल पहलू को बारीकी से जांच करने पर पुलिस टीम ने घटना मे शामिल तीन युवकों को आज दिनांक को गिरफ्तार किया है एवं घटना मे लूटा हुआ मोबाईल व चांदी का कडा बरामद किया गया है । उक्त कार्यवाही मे उनि दीपक पालिया, उनि. सुमित शर्मा, का.प्रआर. 142 नरेश यादव, आर. 709 शिवांशु यादव, आर. 767 अजीत राजावत, आर. 206 भूपेन्द्र यादव, आर. 431 सलमान खान, आर. 978 टिंकू सिह, आर. 528 महेनद्र सिंह तोमर की शराहनीय भूमिका रही ।

# नवनिर्वाचित सरपंच एवं पंच तीन दिवसीय बेसिक ओरियंटेशन प्रशिक्षण कार्यक्रम




नवनिर्वाचित सरपंच प्रशिक्षण आयोजित जनपद पंचायत पिछोर मैं किया जा रहा है जिसमें प्रशिक्षण लेने के लिए समस्त ग्राम पंचायतों के सरपंच उपस्थित हुए और सभी नवनिर्वाचित सरपंचों को बड़ी विस्तार से सारी पंचायतों में जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी बड़े विस्तार से प्रशिक्षण देने के लिए वरिष्ठ प्रशिक्षण उपस्थित रहे श्री राजकुमार मूदाऊ फेलबरी मेंबर श्री आरके टेगार पंचायत स्पेक्टर श्री आर डी कतरोलिया फेलबारी मेंबर श्री धर्मेंद्र सोनी जी एम आर पी श्री नरेश मिश्रा जी एमआरपी श्री जुगल किशोर शाक्य ए डी ई ओ श्री जवाहर सीमा माथुर पीसीओ एवं श्री अजब सिंह सचिव एवं सरपंच महोदय द्वारा अपनी ग्राम पंचायत सेमरी में रिवॉर्डलेने पर अनुभव व्यक्त किया और सभी सरपंच प्रभावित हुई सेमरी द्वारा समस्त पंचायतों के सरपंचों को संबंधित विभागों की विशेष जानकारी दी गई एवं अपने ग्राम में समस्त योजनाओं को सुचारू रूप से चलाने के लिए प्रशिक्षण 3 दिन तक लगातार चलेगा और सरपंचों को समस्त योजनाओं की जानकारी हेतु किताबें बा बैग दिया गया और सरपंचों ने अपने अनुभव व्यक्त किए

# अम्बाह ग्राम पंचायत बरवाई में मनाई अमर शहीद पंडित राम प्रसाद बिस्मिल जी की पुण्यतिथि

**केशब पंडित जी अम्बाह...**



अम्बाह काकोरी कांड के महानायक पंडित राम प्रसाद बिस्मिल के शहादत दिवस पर मुरैना से शुरू हुई मशाल यात्रा आज अम्बाह में पीजी कॉलेज में पहुंची पीजी कॉलेज के प्राचार्य व समस्त स्टाप ने यात्रा का स्वागत किया और नगर में अगवानी की।नगर पालिका चौराहे पर यात्रा दोपहर 2 बजे पहुंची, जहां नगरपालिका चौराहे पर बने बिस्मिल स्मारकपर मशाल यात्रा रुकी और बिस्मिल प्रतिमा को पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया। जिसके बाद यात्रा पोरसा के बरबाई गांव के लिए निकल गई, जोबरबाई गांव पहुंची। जहां ऊर्जा विकास निगम के अध्यक्ष गिर्राज दंडोतिया एसडीएम राजीव समाधिया अम्बाह थाना प्रभारी जितेन्द्र नगाइच व समस्त पुलिस स्टाप व बरबाई सरपंच रामनरेश शर्मा पत्रकार केशब पंडित जी व भाजपा नेता खेमसिह भदौरिया जनपद अध्यक्ष पोरसा देवेश तोमर शिवपुरी जिला जेलर विजय मौर्य शिक्षाविद विजेंद्र पाल सिंह जादौन राजेश पटसारिया राकेश पटसारिया रामप्रकाश मरैया राजो उपाध्याय नाथू बरौलिया राजेश उपाध्याय संतोषी उपाध्याय बिक्रम पचौरी प्रदीप परिहार गजेन्द्र तोमर हरेन्द्र तोमर उमाकान्त स्वामी सैकेट्री ऑफीसर व सुरेन्द्र शर्मा की उपस्थिति में बिस्मिल पुण्य स्मरण कार्यक्रम हुआ। जिसका संचालन समाजसेवी डॉ सुधीर आचार्य ने किया तदोपरान्त सरपंच बरबाई रामनरेश शर्मा ने अपने उद्बोदन में बताया कि माता मूलारानी और पिता मुरलीधर के पुत्र के रूप में जन्मे क्रांतिकारी रामप्रसाद बिस्मिल को अंग्रेजों ने ऐतिहासिक काकोरी कांड में मुकदमे के नाटक के बाद 19 दिसंबर 1927 में गोरखपुर की जेल में फांसी पर चढ़ा दिया था। उनके जन्म के 122 वर्ष बाद भी उनकी शहादत पर आज उन्हें पूरा देश याद कर रहा है :काकोरी कांड का मकसद: अंग्रेजी सरकार का खजाना लूटकर उन पैसों से हथियार खरीदना था , जिससे अंग्रेजों के खिलाफ युद्ध को मजबूती मिल सके । काकोरी ट्रेन डकैती में खजाना लूटने वाले क्रांतिकारी % हिंदुस्तान रिपब्लिक एसोसिएशन % ( एचआरए ) के सदस्य थे। 9 अगस्त 1925 , रात 2 बजकर 42 मिनट पर सहारण - पुर लखनऊ पैसेंजर ट्रेन को कुछ क्रांतिकारियों ने काकोरी में रोका और ट्रेन को लूटा ऐसे बीर सपूत के बलिदान दिबस पर अब हर साल मेला लगाया जाया करेगा...

# अच्छे कार्य करने वालो को हमेशा प्रोत्साहित करे श्यामू ठाकुर

**पुष्पांजलि टुडे**



**ग्वालियर**।गोले के मंदिर पुलिस चौकी पहुंचकर सेवड़ा नगर की बेटी मध्य प्रदेश ट्रैफिक पुलिस की गौरव स्द्ध सोनम पाराशर जी का श्यामू ठाकुर भईया जी के द्वारा किया गया स्वागत से सम्मानसूबेदार सोनम पाराशर जी ने मानवता की मिसाल पेश कर समस्त समाज को मानव सेवा की प्रेरणा दी है।विगत दिवस सूबेदार सोनम पाराशर ने अपनी ड्यूटी के दौरान एक व्यक्ति को हार्ट अटैक पढ़ते देख तत्काल अपने हाथों से ष्टक्कक्रदेकर जान बचाई थी। इसलिए आज सोनम को सम्मानित करने सुरजीत सिंह राजावत सुनील सिंह राठौर कुलदीप उपाध्याय मनीष कुशवाहा आदि जन उपस्थित रहे

# सहकारी संस्था मर्या.कलौथरा एवं शिवपुरी के संचालक मण्डल के निर्वाचन हेतु कार्यक्रम जारी

**अनिल कुशवाह प्रभारी**
**पुष्पांजलि टुडे**

**शिवपुरी-** म.प्र.राज्य सहकारी निर्वाचन प्राधिकारी श्री एम.बी.ओझा द्वारा महिला बहुउद्देशीय सहकारी संस्था मर्या.कलौथरा तथा स्वास्थ्य विभाग कर्मचारी कल्याण सहकारी संस्था मर्या.शिवपुरी के संचालक मण्डल के निर्वाचन हेतु सदस्यता सूची को अंतिम रूप देने के लिए क्रमशः सहकारी निरीक्षक पारथ दुबे तथा सहकारी निरीक्षक श्रीमती विनीता सक्सेना को रजिस्ट्रीकरण अधिकारी नियुक्त किया गया है। साथ ही रजिस्ट्रीकरण अधिकारी के विनिश्चय के विरूद्ध अपील प्राप्त करने एवं अपील का निर्धारित अवधि में निराकरण करने हेतु उपायुक्त, सहकारिता को अपीलीय अधिकारी नियुक्त किया जाता है।

जारी कार्यक्रम के तहत सदस्यता सूची प्रकाशित करने की तिथि 21 दिसंबर, प्रकाशित सदस्य सूची पर आपत्ति प्राप्त करने की अंतिम तिथि 28 दिसंबर, सदस्यता सूची पर प्राप्त आपत्तियों के निराकरण की तिथि एवं अंतिम सदस्यता सूची के प्रकाशन की तिथि 29 दिसम्बर, रजिस्ट्रीकरण अधिकारी के विनिश्चय के विरुद्ध अपीलीय अधिकारी के समक्ष अपील प्रस्तुत करने की तिथि 30 दिसंबर, 2 जनवरी एवं 3 जनवरी 2023, रजिस्ट्रीकरण अधिकारी के विनिश्चय के विरूद्ध अपील प्राप्त होने की स्थिति में अपील के निराकरण की अंतिम तिथि 10 जनवरी एवं राज्य सहकारी निर्वाचन प्राधिकारी को अंतिम सूची प्रस्तुत करने की तिथि 13 जनवरी निर्धारित की गई है।

# नौकरी के नाम पर ठगी करने वाले दो गिरफ्तार

उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में नौकरी के नाम पर युवाओं से पैसों की ठगी करने वाले दो आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है. इन दोनों के खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी किया गया था. ये बदमाश नौकरी देने का नाम पर युवाओं को झांसा देकर पैसे वसूलते थे और फिर फर्जी इंटरव्यू का आयोजन कर उन्हें नियुक्ति पत्र देकर फरार हो जाते थे. खबर के मुताबिक आरोपी नौकरी के लिए इंटरव्यू का आयोजन करते थे, फिर नकली नियुक्ति पत्र देते थे. नियुक्ति पत्र देने के बाद वहां से फरार हो जाते थे. पुलिस ने रविवार को निशातगंज फ्लाईओवर के पास से गिरोह के दो सदस्यों नीरज पांडे और जितेंद्र कैलाश को गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल कर ली है. दोनों के खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी किया गया था

# भ्रष्टाचार की कब्रगाह बना भिण्ड जिला पंचायतः डॉ.भारद्वाज

## भ्रष्ट सचिवों पर जिला पंचायत सीईओ मेहरबान, कलेक्टर को गुमराह कर खबरनीस पत्रकारों को फंसाने की साजिश

दैनिक पुष्पांजली टुडे

**भिण्ड।** एक तरफ जहां मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान कार्यक्रमों मैं मंच से भृष्ट अधिकारियों को सस्पेंड करते नजर आ रहे हैं जहां भ्रष्टाचार की शिकायतें मिलती है वही अधिकारियों को तत्काल मंच से सस्पेंड कर देते हैं कांग्रेस पार्टी ने इसे महज नौटंकी करार देते हुए भाजपा सरकार और जिला पंचायत सीईओ जेके जैन पर तीखा हमला बोला। कांग्रेस पार्टी के प्रवक्ता डा.अनिल भारद्वाज ने मुख्यमंत्री शिवराज सिंह की कार्यवाही को नौटंकी करार देते हुए कहा जिनके राज्य में भ्रष्टाचार को पोषण मिला हो वो अब चुनावी साल में भ्रष्टाचार कम करने की बात कर रहें हैं। श्री भारद्वाज ने कहा कि मुख्यमंत्री जी आपके राज्य में लगातार भ्रष्टाचार में प्रदेश नंबर वन बन चुका है वही भिंड जिला पंचायत मैं करोड़ों रुपए के भ्रष्टाचार के मामले उजागर हो रहे हैं जिनमें पंचायतों के भ्रष्ट सचिवों पर जिला पंचायत मुख्य जिला पंचायत अधिकारी श्री जेके जैन मेहरबान है और तो और जब खबर के माध्यम से जिले के पत्रकारों के द्वारा जब उनके भ्रष्टाचार की पोल



खोलने वाली खबरें प्रकाशित की जाती हैं तो जैन साहब कलेक्टर भिंड को गुमराह कर कार्यवाही करने के बजाए उल्टे खबरनीस पत्रकारों को झूठे मुकदमों में फंसाने की साजिश रचते नजर आ रहे हैं। भिण्ड शहर कोतवाली में दिया गया आवेदन इसकी प्रामाणिकता को उजागर कर रहा है। वैसे भी भिण्ड में चौथे स्तंभ को आपका जिला प्रशासन रौधने का कोई भी मौका नहीं छोड़ता। लहार में सत्य की कसौटी पर खबर उजागर करनें पर जिले के तीन वरिष्ठ पत्रकारो को अपना शिकार बना चुका है। सुना है अब पंचायतों के भ्रष्टाचार उजागर करने वाले पत्रकारों को भी झूठे मुकदमे में फसाने की साजिश रची जा रही है। कांग्रेस के प्रवक्ता श्री भारद्वाज ने मुख्यमंत्री शिवराज सिंह को चैलेंज देते हुए भ्रष्टाचार की कब्रगाह बने जिला पंचायत भिण्ड के सरदार बने सीईओ जैन पर निल्बन की कार्यवाही की मांग की। उन्होंने कहा जैन के कार्यकाल में गोहद तहसील की ग्राम पंचायत बकनासा, बारा, चंदोखर,बरोना इसके जीते जागते उदाहरण है। जिनपर कार्यवाही के नाम पर अभी तक सिर्फ औपचारिकताएं पूरी की जा रही है।

## मालनपुर थाना पुलिस ने 719 हाईवे पर अतिक्रमण एवं यातायात व्यवस्था को लेकर लोगों को दी हिदायत

पहलवान सिंह राजावत
पुष्पांजलि टुडे संवाददाता मालनपुर

हाईवे के किनारे व्यवसाय एवं चार पहिये एवं दुकानदारों द्वारा रोड के किनारे अतिक्रमण करने वालों को एस डी ओ पी एवं थाना प्रभारी मालनपुर ने पुलिस बल के साथ फ्लैगमार्च निकालकर अतिक्रमणकारियों को हिदायत दी और कहा कि रोड से अंदर की साइड दुकान लगाकर दुकानदारी करें जिससे की दुर्घटना कम हो एवं पार्किंग की अर्थव्यवस्था बनी रहे अन्यथा चालानी कार्रवाई की जाएगी फ्लैग मार्च मालनपुर थाने से लेकर हनुमान चौराह मनहार होटल तक निकाली ज्ञात रहे कि हनुमान चौराहे मालनपुर नेशनल हाईवे के किनारे दुकानें एवं टैक्सी लग जाने से रोड पर जाम लग जाता था जिससे आने जाने वाहन चालकों को परेशानी उठानी पड़ती है और एक्सीडेंट की घटना होने का भी अंदेशा रहता है इस क्रम में आज एस डी ओ पी गोहद सौरभ कुमार थाना प्रभारी विनोद विनायक करकरे व एसआई बलवंत सिंह यादव प्रधान आरक्षक राघवेंद्र शुक्ला प्रधान आरक्षक कमल माहौर आरक्षक नवीन तोमर आरक्षक सोनू सिंह व समस्त पुलिस बल ने लोगों को बताया कि अगर ऐसा पाया गया तो दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी।

## महंगाई को कम करना है तो भाजपा को हटाना होगाः मान सिंह कुशवाहा

दैनिक पुष्पांजली टुडे



**भिण्ड ।** आज ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अमायन के द्वारा गांधी चौपाल का आयोजन ग्राम कछार में किया गया जिसमें मुख्य रुप से जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मान सिंह कुशवाहा उपस्थित हुये।सर्वप्रथम उन्होंने महापुरुषो के चित्रों पर माला अर्पण उन्हें नमन कर याद किया।तथा गांधी चोपाल में अपनी बात रखते हुए कहा देश व प्रदेश में भाजपा की सरकार होने से महंगाई लगातार आसमान छू रही है महंगाई कम करने के लिए भाजपा को प्रदेश की सत्ता से बाहर का रास्ता दिखाना होगा।कांग्रेस शासन में दैनिक उपयोगी वस्तुएं एब पेट्रोल डीजल गैस सिलेंडर के दाम कितने कम हुआ करते थे आज आमजन मंहगाई की मार से मर रहा ह किसान खाद बीज बिजली के लिए मोहताज है फसल को समय पर जरूरतमंद सुविधाएं न मिलने से किसान परेशान है भारत एक कृषि प्रधान देश है ऐसे हालत के चलते हमारे देश की अर्थव्यवस्था बिगड़ी हुई है ऐसी सरकार को हमे जड़ से उखाड़ फेंकना चाहिए। इसी क्रम में वरिष्ठ नेता बृजेंद्र सिंह कल्लू ,रणजीत सिंह गुर्जर, चंद्रभान सिंह राजावत सुरेंद्र सिंह चौहान, प्रबेंद्र सिंह चौहान, आदि लोगो ने अपने विचार रखे। चौपाल में सैकडो की संख्या में ग्रामीणजन मौजूद रहे।

## अध्यक्ष पद हेतु श्री संदीप कुमार जैन जिला अध्यक्ष भाजपा एटा को दिया आवेदन



व्यूरो सोनू कुमार माथुर

**एटा।** प्रजापति समाज सेवा समिति जलेसर एटा की समिति के कार्यालय पर एक बैठक बुलाई गई थी जिसमें सर्वसम्मति से श्रीमती नीलम प्रजापति को जलेसर नगर पालिका अध्यक्ष पद हेतु भाजपा प्रत्याशी के रूप मेंआवेदन कराने हेतु निर्णय लिया गया था एवं शहर के गणमान्य व्यक्ति जन सामान्य से विचार-विमर्श के बाद आज एटा भारतीय जनता पार्टी के कार्यालय पहुंचकर जिला अध्यक्ष श्री संदीप कुमार जैन जी को आवेदन सौंपा 7 नीलम प्रजापति एक सरल, स्वभाव व्यक्तित्व वाली महिला है शैक्षिक योग्यता -- एम,ए- हिंदी, संस्कृत, समाजशास्त्र,बी.एड -पी जी डी आर ए एम, डिप्लोमा इन फूड टेक्नोलॉजी ,व राजकीय बालिका इंटर कॉलेज जलेसर एटा में विषय विशेषज्ञ के पद पर कार्यरत हैं समाज सेवा एवं नारी सशक्तिकरण कार्यों के लिए जिला अधिकारी एटा भी कर चुके हैं सम्मानित भाजपा कार्यालय एटा पर साथ में रहे श्री आनंद कुमार शर्मा मंडल सह प्रभारी विश्व हिंदू महासंघ, जलेसर से पवन कुमार प्रजापति जिलाउपाध्यक्ष भाजपा, श्री वेद प्रकाश प्रजापति, विष्णु प्रजापति ,गौरव प्रजापति, मनोज कुमार प्रजापति ,वीरेंद्र कुमार प्रजापति, ध्यान पाल विजय कुमार विक्रम सिंह नीलम प्रजापति के साथ रहे एवं जिला अध्यक्ष जी से अनुरोध किया कि आजादी के बाद से आज तक प्रजापति समाज द्वारा आवेदन नहीं किया गया था पहली बार प्रजापति समाज द्वारा नीलम प्रजापति को अध्यक्ष पद हेतु भाजपा से नामित करने हेतु अनुरोध किया जा रहा है श्रीमती नीलम प्रजापति को पार्टी से चुनाव लड़ाने हेतु भाजपा अधिकृत प्रत्याशी हेतु अनुरोध किया जा रहा है इसके लिए प्रजापति समाज सदैव आभारी रहेगा।

## मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद् की नवांकुर संस्था द्वारा ग्राम हुसैनपुर में

### रामप्रसाद बिस्मिल जी की 95 वी पुण्यतिथि बनाई गई



गौरव शर्मा
पुष्पांजलि टुडे

मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद योजना, आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग विकासखंड पहाड़गढ़ जिला मुरैना द्वारा संचालित नवांकुर संस्था ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति हुसैनपुर में प. रामप्रसाद बस्मिल जी की 95वी पुण्यतिथि पर संगोष्ठी एवं बैठक कार्यक्रम का आयोजन विकासखंड समन्वयक अलकेश सिंह भदोरिया जी के मार्गदर्शन में किया गया जिसमें नवांकुर संस्था के सचिव रवि कुमार गौर ने रामप्रसाद बिस्मिल जी के जीवन पर प्रकाश डाला गया और उन्होंने शासन द्वारा बनाए जा रहे हेल्थ कार्ड की जानकारी भी प्रस्फुटन समिति के एवं सी एम सी एल डी पी के छात्र , छात्राओं ,गांव के लोगो को अवगत कराई गई और मनोज प्रजापति ने आयुष्मान कार्ड , श्रमिक कार्ड की जानकारी लोगो को अवगत कराई गई और राजेश सिंह जी के द्वारा लोगो को जैविक खेती के बारे में जानकारी अवगत कराई गई।और बैठक में गांव के लोगों एवं क्स्ङ्ख /स्स्ङ्ख के छात्रों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया जिसमें सोनम धाकड़, शत्रुघ्न धाकड़, सतेंद्र, राहुल आदिवासी, वृंदावन सिंह, जितेंद्र धाकड़, सुनील गौर, मनोज त्यागी, आरती, आदि लोगो ने भाग लिया।

## ज्ञानचंद श्रीवास्तव स्नातकोत्तर महाविद्यालय में जनभागीदारी समिति की हुई बैठक





ब्यूरो रिपोर्ट -रीतेश अवस्थी

दमोह। शासकीय ज्ञानचंद श्रीवास्तव स्नातकोत्तर महाविद्यालय के कांफ्रेंस कक्ष में बैठक हुई। जिसमें महाविद्यालय के जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष डॉ.विक्रांत सिंह चौहान उपरान्त महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. केपी अहिरवार के मार्गदर्शन में नवगठित जनभागीदारी समिति की बैठक आयोजित की गई। जिसमें सर्वप्रथम माँ सरस्वती जी के चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित के बाद बैठक का शुभारंभ किया गया। बैठक में जनभागीदारी समिति के निम्न सदस्य रिटायर्ड सूबेदार मे?र धनराज, रिटायर्ड कैप्टन के.के.मिश्रा, मनोहर पथरोल , हरगोविंद अहिरवार, कुमारी प्रीति ताम्रकार, आशीष जैन, आदित्य सुरेखा(रॉकी), डॉ. नवीन दुबे, दीपेश उपाध्याय, राघवेंद्र सेन, नीलेश राठौर, भूपेंद्र लोधी , विकास तिवारी आदि सदस्यों की उपस्थिति रही। बैठक में प्राचार्य ने सौहार्दपूर्ण वातावरण में अध्यक्ष एवं समस्त सदस्यों का महाविद्यालय परिवार की ओर से स्वागत एवं अभिनन्दन किया तथा समिति के सदस्यों का परिचय महाविद्यालय स्टॉफ से कराया। ततपश्चात महाविद्यालय के विकास हेतु समिति से सहयोग की आशा व्यक्त की। डॉ. विक्रांत सिंह चौहान अध्यक्ष जनभागीदारी समिति ने कहा कि महाविद्यालय में अधिकतर विद्यार्थी ग्रामीण क्षेत्र से हैं, सुविधा के अभाव में इनका अध्यापन कार्य प्रभावित हो रहा हैं, अतः सभी सदस्यों को निःस्वार्थ रूप से महाविद्यालय के विकास कार्य को सम्पन्न कराना हैं। जनभागीदारी समिति के सदस्यों ने अध्यक्ष महोदय को धन्यवाद किया, कोई भी कार्य असम्भव नहीं हैं, यदि प्रतिज्ञा कर ले तो हर काम सम्भव हो सकता हैं। सभी कार्य मिलकर करेगें तो निश्चित ही सफलता मिलेंगी। ओर कहा कि जनभागीदारी अध्यक्ष जी ने अपनी जमीन स्वयं तैयार किए हैं जुझारू हैं निश्चित ही सफलता मिलेगी। इस महाविद्यालय में विकास की बहुत सम्भावनाएं हैं। जो हम सभी मिलकर करेंगे। कार्यक्रम का संचालन समिति के प्रभारी डॉ. पी.के. बिदौल्या ने किया। तथा डॉ. पी.के. जैन ने आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर जनभागीदारी समिति के प्रभारी डॉ. पी.के. बिदौल्या ,विद्यार्थी परिषद के जिला सह संयोजक राहुल कुमार, महाविद्यालय के स्टॉफ डॉ. पी.के.जैन , डॉ नंदराम सुमन, आदि कि बैठक में उपस्थिति रही।

## श्री हरिदासजी स्मारक श्रद्धानिधि समर्पण अभियान संकल्प पत्र का विमोचन हुआ

पुष्पाजंली टुडे/ नारायणलाल सेंणचा

मध्यप्रदेश। श्री आईजी विद्यापीठ राजगढ़ में शनिवार को अखिल भारतीय सिर्वी महासभा व क्षत्रिय सिर्वी समाज राजगढ़ ट्रस्ट द्वारा होने वाले सामूहिक विवाह सम्मेलन की महत्वपूर्ण बैठक में पत्र का विमोचन हुआ प्रांतीय अध्यक्ष भगवान जी लछेटा (सी.ए) द्वारा समाजजनों से अपील की गई कि श्रद्धा-निधि समर्पण अभियान में समाज का प्रत्येक व्यक्ति बढ़-चढ़कर भाग ले बैठक में उपस्थित हरिदासजी स्मारक ट्रस्ट के पदाधिकारियों ने बताया कि ट्रस्ट द्वारा संचालित यह 6 दिवसीय अभियान वर्तमान धर्मगुरु दीवान माधवसिंह जी के जन्मदिन 18 जनवरी 2023 से प्रारंभ होगा तथा इस वर्ष की माही बीज के दिन 23 जनवरी 2023 को पूर्ण होगा । इस हेतु परिवारों की संख्या के अनुसार प्रत्येक ग्राम तक रसीद बुक, महेश्वर ट्रस्ट एवं अखिल भारतीय सिर्वी महासभा संगठन के पदाधिकारियों के माध्यम से 10 से 12 जनवरी 2023 के मध्य पहुंचाई जाएगी ।आईपन्थ के दसवें दीवान श्री हरिदासजी स्मारक की श्रद्धा निधि के रूप में सिर्वी समाज के प्रत्येक परिवार से 100/-रु की श्रद्धा निधि समर्पित की जाएगी। अभियान के दौरान इसके अतिरिक्त अधिक सहयोग राशि भी स्वीकार की जा सकेगी । सभी ग्रामों से एकत्र यह श्रद्धा निधि एक 1 ही दिन में एक साथ माँ नर्मदा किनारे नरसिंह टेकरी महेश्वर स्थित श्री हरिदास जी स्मारक पर 28 जनवरी 2023 नर्मदा जयंती को आयोजित, श्रद्धा समागम में अधिकृत प्रतिनिधि द्वारा ट्रस्ट को सौपी जाएगी ।माँ नर्मदा जयंती के इस पावन अवसर पर होने वाली महाआरती में समस्त (म. प्र) के समाजजन सादर आमंत्रित है। दीवान श्री हरिदासजी के व्यक्तिव पर आधारित एक पुस्तक का विमोचन भी इस शुभ अवसर पर किया जाएगा। राजग? बैठक में उपस्थित सभी केंद्रीय समिति सदस्यगण, अखिल भारतीय सिर्वी महासभा म.प्र के समस्त पदाधिकारी, सभी प्रकोष्ठ प्रभारी एवं प्रदेश प्रतिनिधि, प्रांतीय महिला संगठन के पदाधिकारी, विभिन्न सामाजिक ट्रस्टो के पदाधिकारी, महासभा के सभी जिला अध्यक्ष/महासचिव एवं तहसील अध्यक्ष साथ ही युवा संगठन जिला अध्यक्ष/महासचिव एवं तहसील अध्यक्षों द्वारा संकल्प लिया गया कि हम सब मिलकर निधि समर्पण में उत्साह पूर्वक भाग लेंगे तथा इस स्मारक को एक तीर्थ के रूप में विकसित करने के संकल्प को साकार करेंगे । सामूहिक विवाह में शामिल होने वाले प्रत्येक जोड़े को सनातन हिंदू धर्मग्रंथो का एक-एक सेट भी हरिदास स्मारक ट्रस्ट महेश्वर द्वारा भेंट किया जाएगा।



## कैलारस- संविदा स्वास्थ्य कर्मियों की हड़ताल पांचवे दिन भी जारी

### स्वास्थ्य सेवाओं में हो रही है परेशानी खून से लिख चुके है पत्र

गौरव शर्मा पुष्पांजलि टुडे

कैलारस- संविदा स्वास्थ्य कर्मचारी संघ मध्यप्रदेश के आव्हान पर पूरे प्रदेश के एनएचएम के अंतर्गत कार्य करने वाले कर्मचारी अनिश्चितकालीन हड़ताल पर गए है,इसी के तारतम्य में जिला मुरैना के ब्लॉक कैलारस में कार्यरत 50 संविदा स्वास्थ्य कर्मचारी हॉस्पिटल परिसर में अपनी मांगों को लेकर पांचवे दिन भी हड़ताल पर बैठे है वहीं धरने पर बैठे संविदा स्वास्थ्य कर्मियों ने बताया कि ह?ताल पर बैठे हमारे साथियों ने अपने खून से पत्र लिखा है एवं हम सभी संविदा स्वास्थ्य कर्मी सरकार की सद्बुद्धि के लिए सुंदरकांड का पाठ भी कराएंगे ओर भगवान से प्रार्थना करेगे की हमारा नियमितीकरण हो एव हड़ताल पर बैठे संविदा स्वास्थ्य कर्मियों का डॉ शैलेंद्र द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण किया गया वही हड़ताल पर बैठे संविदा स्वास्थ्य कर्मियों ने बताया कि जब तक हमारी मांगे पूरी नहीं होंगे हम इसी तरीके से हड़ताल पर बैठे रहेंगे डॉ एस आर मिश्रा ने बताया कि संविदा स्वास्थ्य कर्मियों की हड़ताल पर जाने से स्वास्थ्य सेवाओं में आने वाले मरीजों को परेशानी हो रही है लेकिन जल्दी ही अनिश्चितकालीन हड़ताल खत्म कर सरकार उनकी मांगें मान लेती है तो संविदा स्वास्थ्य कर्मी स्वास्थ्य सेवाएं देने के लिए फिर से कार्य पर लौटेंगे वही संविदा स्वास्थ्य कर्मी ने बताया कि 5 जून 2018 को संविदा कर्मचारियों को नियमित करने के लिए सरकार ने एक पॉलिसी तैयार की जिसमे सभी को नियमितीकरण और नियमितीकरण की प्रक्रिया के समय में नियमित कर्मचारियों को मिलने वाले वेतन का 90त्न वेतन हम सभी संविदा कर्मचारियों को दिया जाएगा , परन्तु 4 वर्ष बीत जाने के बाद भी हमको इस पॉलिसी का लाभ नहीं मिल पा रहा है,माननीय मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान जी ने जब उनकी सरकार नहीं थी तब बोला था कि संविदा की व्यवस्था अन्याय पूर्ण है और हमारी सरकार आते ही हम सभी संविदा कर्मचारियों को नियमित करेंगे,परन्तु आज तक हमको ना ही नियमित किया गया है और ना ही हमको नियमित कर्मचारियों की सेलरी का 90त्न का लाभ मिला है इसी संदर्भ में कैलारस ब्लॉक में संविदा स्वास्थ्य कर्मचारी संघ ने मिलकर श्रीमान तहसीलदार महोदय भरत कुमार जी को ज्ञापन भी दिया है हड़ताल पर बैठने वाले संविदा स्वस्थ कर्मचारी,डॉ गजेन्द्र भारती,डॉ शैलेन्द्र सिकरवार,अजय, देवेश,हेमंत सुरेन्द माथुर, कमल किशोर,विनोद शर्मा,नर्सिंग स्टाप अमित रावत, विनोद, सतेंद्र दांतरे, एएनएम रेनू, रेखा,रेवती, सहित सभी कैडर के कर्मचारी अधिकारी शामिल रहे



**डॉ एस आर मिश्रा**
**बीएमओ कैलारस**

संविदा स्वास्थ्य कर्मी हेल्थ ऑफिसर एएनएम, एव कुछ डॉक्टर भी अनिश्चितकालीन ह?ताल पर हैं जिससे स्वास्थ्य सेवाओं में परेशानी तो आ रही है लेकिन उम्मीद है की जल्दी ही हड़ताल से वापस आएंगे अगर सरकार उनकी मांगे मान मानेगी तो

## सम्पादकीय

### जांच में बाधाएं

देश में जांच एजेंसियों को जिस तरह से काम करने से रोका जा रहा है, उसकी जितनी निंदा की जाए, कम है। संघीय ढांचे के लिए भी यह एक ब?ा सवाल है कि एक प्रदेश की पुलिस या जांचकर्ताओं को दूसरे प्रदेश में जांच करने में आखिर क्यों परेशानी हो रही है। ताजा शिकायत के अनुसार, पश्चिम बंगाल सीआईडी ने दावा किया है कि नई दिल्ली और गुवाहाटी में उसकी दो टीमों को स्थानीय पुलिस ने रोका है। क्या झारखंड के तीन विधायकों से नकद जब्ती के संबंध में पश्चिम बंगाल के जांचकर्ताओं को जांच से वाकई रोका जा रहा है। यह वाकई अफसोसजनक है, जांच एजेंसी के एक वरिष्ठ अधिकारी का दावा है कि उसके अधिकारियों को बुधवार को दिल्ली पुलिस ने हिरासत में ले लिया था। ये जांच अधिकारी राष्ट्रीय राजधानी में एक आरोपी, तीन गिरफ्तार विधायकों के करीबी सहयोगी की संपत्ति पर छापेमारी कर रहे थे। अगर पश्चिम बंगाल की पुलिस ने किसी प्रक्रिया का पालन नहीं किया है, तो यह गलत है, लेकिन अगर प्रक्रिया का पालन हुआ है, तो उसे जांच से रोकना अनुचित है। किसी भी राज्य में किसी भी पुलिस दल को जांच से रोकने के पीछे के तर्क बहुत स्पष्ट होने चाहिए। झारखंड के तीन विधायकों को 31 जुलाई को पश्चिम बंगाल के हावड़ा में 49 लाख रुपये नकद के साथ गिरफ्तार किया गया था। इस मामले के तार पश्चिम बंगाल सीआईडी को असम और दिल्ली से जुड़े नजर आ रहे हैं, तो उसे जांच करने की मंजूरी मिलनी चाहिए। लेकिन जब पश्चिम बंगाल की टीम गुवाहाटी में उतरी, तो उसे परेशानी हुई। दिल्ली में जो बंगाल की टीम पहुंची, उससे शायद एक चूक हुई है। बताया जाता है कि जिस अधिकारी के नाम से जांच की मंजूरी मिली थी, वह अधिकारी जांच की जगह पर मौजूद नहीं था। उसकी जगह पर दूसरे जांचकर्ता जांच कर रहे थे, जिन्हें कथित रूप से जांच से रोक दिया गया। मतलब, यदि किसी राज्य से कोई टीम किसी दूसरे राज्य में जांच के लिए जाती है, तो उसे पूरी तैयारी के साथ जाना चाहिए। हम अच्छी तरह जानते हैं कि किसी सरकारी काम में किस तरह से तकनीकी बहाने बनाए या खड़े किए जाते हैं। जांच के ऐसे मामलों में एक राज्य की पुलिस दूसरे राज्य की पुलिस के साथ ऐसा ही करती दिखती है। क्या ऐसे जांच दल का लक्ष्य कानून की सेवा नहीं है। क्या ऐसे दलों का किसी राजनीतिक दल की सेवा के लिए इस्तेमाल होता है। जांच रोकने-रुकवाने की यह परिपाटी जल्दी खत्म होनी चाहिए, वरना कानूनों का विशेष महत्व नहीं रह जाएगा और अपराधीकरण पूरे देश का खून चूसने लगेगा। संविधान निर्माताओं ने यह कल्पना की थी कि जांच एजेंसियों व पुलिस को स्वतंत्रता के साथ काम करने दिया जाएगा, लेकिन हर बार ऐसा नहीं दिखता है। ऐसा नहीं है कि जांच के काम में बाधा पैदा करने वालों को भविष्य में कोई परेशानी नहीं होगी। संस्था कोई भी हो, सुधरने में वर्षों लगते हैं, लेकिन बिगड़ने में ज्यादा वक्त नहीं लगता। ठीक इसी तरह किसी जांच एजेंसी पर विश्वास पैदा होने में वर्षों लगते हैं, पर किसी जांच एजेंसी की छोटी सी लापरवाही भी उसकी साख को बट्टा लगा देती है। सबसे बड़ी चिंता यह है कि किसी जांच एजेंसी को अगर चंद मिनट के लिए भी रोक दिया जाए, तो मुमकिन है, उसके हाथ से अपराधी हमेशा के लिए निकल जाए। जरूरी है, पुलिस व जांच एजेंसियों की बढ़ रही परेशानी की चिंता उच्च स्तर पर हो, ताकि कहीं भी कोई अपराधी बचने न पाए।

## राशिफल




मेष राशि- आपका रोमांटिक जीवन बिना किसी रोक-टोक के चल रहा है। प्रेमी के लिए आपका प्यार बढ़ जाएगा। आप दीर्घकालिक संबंध बनाए रखने की अपनी क्षमता में भी अधिक आश्वस्त महसूस करेंगे। आपके पास अपने विचारों और भावनाओं को इस तरह से व्यक्त करने और व्यक्त करने की क्षमता होगी जो दूसरों के लिए सुलभ हो।

वृष राशि- आज आपके विचार प्रेम पर केंद्रित रहेंगे। आपका साथी आप पर ढेर सारा प्यार और स्नेह बरसाएगा। हालांकि, दिन को सफलतापूर्वक पूरा करने के लिए आपको अपना कूल बनाए रखने और टकराव से बचने की जरूरत है।

मिथुन राशि- अपने निजी जीवन और अपने कार्य जीवन के बीच संतुलन बनाए रखें। यदि आप अपने रोमांटिक जीवन पर नजर नहीं रखेंगे तो चीजें जटिल हो सकती हैं। यदि आप अपने साथी के साथ एक स्वस्थ संबंध बनाना चाहते हैं, तो आपको अपने तनावों और अपनी सीमाओं के बारे में खुलकर और लचीले ढंग से संवाद करने की आवश्यकता है।

कर्क राशि- आपके विचार आत्म-प्रशंसा, आत्म-सुधार और आगे बढ़ने की सामान्य इच्छा जैसी चीजों में व्यस्त रहेंगे। आप पाएंगे कि आप में से एक ऐसा हिस्सा है जो अपनी इच्छाओं को देने के लिए तरसता है और जीवन के अधिक परिष्कृत सुखों का स्वाद चखता है।

सिंह राशि- अगर आप किसी खास व्यक्ति के बारे में जवाब पाने की कोशिश कर रहे हैं या यह पता लगाने की कोशिश कर रहे हैं कि आपका रोमांटिक कनेक्शन कहां से आया है, तो सितारे आपकी मदद करने के लिए तैयार हैं।

कन्या राशि- हो सकता है कि आपका कोई प्रिय व्यक्ति उपेक्षित महसूस कर रहा हो और आपके कुछ समय का उपयोग कर रहा हो। आपके रोमांटिक जीवन का निरीक्षण आपको स्थिरता खोजने के लिए आवश्यक समायोजन करने के लिए मजबूर कर सकता है।

तुला राशि- आपकी रोमांटिक संभावनाओं के मामले में, आपने जीवन में प्रगति की है। आप बड़े हो गए हैं और एक रोमांटिक साथी से आप जो चाहते हैं उसे सीख चुके हैं, और परिणामस्वरूप, आप पहले की तरह घुलने-मिलने के मूड में नहीं हैं।

वृश्चिक राशि- कर्म हमेशा आपके साथ रहेंगे। अपनी आत्मा के साथी को ढूंढना और उनके साथ संबंध बनाना एक बहुत ही प्यारा अनुभव होता है, और जब आप किसी ऐसे व्यक्ति से मिलते हैं जिसे आप मानते हैं कि आपके जीवन में किसी कारण से आया है, तो आपको यह पता लगाने की कोशिश करनी चाहिए कि वह कारण क्या है।

धनु राशि- विनम्र व्यवहार और अनुकूलन की इच्छा बनाए रखें। यदि ठीक से संभाला नहीं गया, तो आपके प्रेमी के साथ असहमति एक बड़ी परेशानी का कारण बन सकती है।

मकर राशि- यदि आप वर्तमान में एक रिश्ते में हैं, तो आप अपने साथी के लिए जो प्यार महसूस करते हैं, वह गहरा होता जा रहा है, और आपके पास जो निकटता और एकता है, वह दीर्घकालिक प्रतिबद्धता की ओर पहला कदम हो सकता है।

कुंभ राशि- संदेह और भय को दूर करें। आप और आपके साथी के बीच गहन बातचीत हो सकती है जिससे अप्रत्याशित परिणाम सामने आ सकते हैं। आप और आपका साथी अस्वीकृति के डर से कुछ समय के लिए इन विषयों पर चर्चा करने से बचते रहे हैं, लेकिन अब समय आ गया है कि उन्हें खुले में लाया जाए।

मीन राशि- उन लोगों के प्रति स्नेह और धैर्य दिखाने के लिए अतिरिक्त प्रयास करें जो आपके लिए सबसे ज्यादा मायने रखते हैं। केवल आप ही उन्हें उनके लिए आवश्यक व्यक्तिगत देखभाल और आराम प्रदान कर सकते हैं। उन्हें दिन के लिए अपनी कार्य जिम्मेदारियों से आगे रखने का प्रयास करें।

# करो या मरो सिर्फ नारा नहीं था

**अमेरिका महायुद्ध की शुरुआत से पहले 1929 में ही भयानक आर्थिक मंदी की चपेट में आ चुका था। उस समय के राष्ट्रपति फ्रैंकलिन डी रूजवेल्ट को लगता था कि यह लड़ाई और इससे उपजा राष्ट्रीय जोश न केवल हमें मंदी से उबारेगा, बल्कि संसार की सबसे बड़ी महाशक्ति बनने का अवसर प्रदान करेगा। नतीजतन, कार बनाने वाली अमेरिकी कंपनियां हथियार बनाने लगी थीं। इस महायुद्ध से निपटने के लिए अमेरिका ने जो राह चुनी, उसने रूजवेल्ट को सही साबित किया। द्वितीय विश्व युद्ध के समापन से आज तक अमेरिका संसार की सबसे बड़ी ताकत बना हुआ है। गांधी और उनके सहयोगी जानते थे कि इस अमेरिकी उभार से ब्रिटिश साम्राज्यवाद की चूलें जरूर हिलेंगी। तब तक दीख चला था कि ग्रेट ब्रिटेन पर दूसरी बड़ी लड़ाई महंगी पड़ रही है। उनकी अर्थव्यवस्था की चरमराहट जगजाहिर थी। लंदन तक में जरूरी चीजों की किल्लत महसूस की जाने लगी थी। दुकानों से जरूरी वस्तुएं नदारद थीं और लोग किफायत बरतने को मजबूर थे। यहां बताना जरूरी है कि 1914 से 1918 के बीच लड़े गए प्रथम विश्व युद्ध में भारतीय सैनिकों ने गजब का योगदान किया था। अंग्रेजों ने उन्हें छलपूर्वक अग्रिम मोर्चों पर रखा था। अपने शौर्य और बलिदान से उन्होंने असंभव को भी संभव कर दिखाया था। दूसरे विश्व युद्ध के दौरान ब्रिटिश हुकूमत ने `अगस्त प्रस्ताव', `क्रिप्स मिशन' आदि के जरिये मित्र-देशों और भारतीयों को भरमाए रखने की नीति अपना रखी थी। यही वजह है कि गांधी द्वितीय विश्व युद्ध में भारतीय सैनिकों की सहभागिता से असहमत थे, फिर भी हिन्दुस्तानी सूरमा अग्रिम पंक्तियों में झोंक दिए गए थे, क्योंकि वे तकनीकी तौर पर `ब्रिटिश रॉयल आर्मी' का हिस्सा थे। इस जंग में 87 हजार से अधिक भारतीय जवान शहीद हुए। प्रथम विश्व युद्ध पहले ही 74 हजार हिन्दुस्तानी जांबाजों को लील चुका था।**

एक ऐसी परिवर्तनकारी शुरुआत हुई, जिसे तत्कालीन हुक्मरानों ने शुरुआत में 'कुचल दिया गया' मान लिया था। वे इतिहास का एक साधारण सबक बिसरा बैठे थे। बेहद साधारण दिखने वाली कुछ घटनाएं कभी-कभी बड़े बदलावों को जन्म दे देती हैं। उन बगावती दिनों को याद कर आज हम अपने महान पुरखों को श्रद्धांजलि दे सकते हैं। इसी दिन बंबई (अब मुंबई) के गोवालिया टैंक मैदान (अब अगस्त क्रांति मैदान) में आयोजित महासभा को संबोधित करते हुए मोहनदास करमचंद गांधी ने कहा था- 'मैं आप सबको एक छोटा-सा मंत्र देता हूं। आप इसे अपने हृदय पर अंकित कर सकते हैं और अपनी हरेक सांस से इसे अभिव्यक्ति दे सकते हैं। यह मंत्र है- 'करो या मरो'! या तो हमें आजाद भारत मिलेगा या हम इसे पाने के लिए मिट जाएंगे। हम लगातार अपनी गुलामी देखते रहने के लिए जिंदा नहीं रहेंगे।'

हालांकि, कुछ लोगों का मानना है कि यह आंदोलन परवान नहीं चढ़ सका था। इसकी वजह यह है कि 9 अगस्त को महात्मा गांधी, जवाहरलाल नेहरू, सरदार वल्लभ भाई पटेल, अबुल कलाम आजाद सहित कांग्रेस कार्यसमिति के तमाम सदस्यों को 'राजद्रोह' के आरोप में गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे डाल दिया गया था। अगले कुछ दिन दमन और जरूरत से ज्यादा शासकीय प्रतिहिंसा के थे। हकबकाए अंग्रेज अफसरों ने एक लाख से अधिक लोगों को बंदी बना लिया था। इन उपनिवेशवादियों को लगा था कि हिन्दुस्तानी न तो कुछ 'कर' सके और न ही 'मर' सके। इसकी एक वजह यह भी थी कि हिंदू महासभा, मुस्लिम लीग और राजे-रजवाड़े उनके साथ खड़े थे। कांग्रेस के भी कुछ नेताओं पर शक था कि उन्होंने गद्दारी की और बड़े नेताओं के छिपने की जगह गोरे अधिकारियों को बता दी। सूरमाओं के इस देश में जयचंदों और मीर जाफरों की भी एक शर्मनाक परंपरा है। उस समय भारत में छह सौ से अधिक रियासतें हुआ करती थीं। यह वह दौर था, जब हमारे अधिसंख्य स्कूलों में 'ग्रेट ब्रिटेन' का राष्ट्रगान गॉड सेव द किंग गाया जाता था। ऐसे लोग ब्रिटिश सत्ता को अपना संरक्षक मानते थे। ताबड़तोड़ गिरफ्तारियों से उन्हें लगा कि आंदोलन असफल हो गया है, वे गलत थे। इस आंदोलन ने अहिंसक तरीके से राष्ट्रीय रूप ले लिया था। हिंसा न होने की वजह से अधिक हो-हल्ला नहीं हुआ और 'राजभक्तों' को गलतफहमी हो गई कि यह मौन, विराम का प्रतीक है। वे भूल गए कि थोपी गई संप्रभुता के बावजूद सदियों पुरानी भारतीय राष्ट्र की अस्मिता धूमिल नहीं हो सकी थी। 'भारत छोड़ो आंदोलन' ने इस पहचान को और बल दिया था। भारत के राष्ट्रीय स्वाधीनता संग्राम की सफलता के लिए इससे ज्यादा कुछ और जरूरी था। उधर, समूची धरती हलचल की शिकार थी। वह द्वितीय महायुद्ध का चरमोत्कर्ष काल था। 7 दिसंबर, 1941 को इस लड़ाई में अमेरिका की दखल ने साबित कर दिया था कि दुनिया अब दो भागों में बंट चुकी है और हार-जीत के लिए निर्दोषों के नरसंहार का यह सिलसिला फिलहाल खत्म नहीं होने वाला। अमेरिका महायुद्ध की शुरुआत से पहले 1929 में ही भयानक आर्थिक मंदी की चपेट में आ चुका था। उस समय के राष्ट्रपति फ्रैंकलिन डी रूजवेल्ट को लगता था कि यह लड़ाई और इससे उपजा राष्ट्रीय जोश न केवल हमें मंदी से उबारेगा, बल्कि संसार की सबसे बड़ी महाशक्ति बनने का अवसर प्रदान करेगा। नतीजतन, कार बनाने वाली अमेरिकी कंपनियां हथियार बनाने लगी थीं। इस महायुद्ध से निपटने के लिए अमेरिका ने जो राह चुनी, उसने रूजवेल्ट को सही साबित किया। द्वितीय विश्व युद्ध के समापन से आज तक अमेरिका संसार की सबसे बड़ी ताकत बना हुआ है। गांधी और उनके सहयोगी जानते थे कि इस अमेरिकी उभार से ब्रिटिश साम्राज्यवाद की चूलें जरूर हिलेंगी। तब तक दीख चला था कि ग्रेट ब्रिटेन पर दूसरी बड़ी लड़ाई महंगी पड़ रही है। उनकी अर्थव्यवस्था की चरमराहट जगजाहिर थी। लंदन तक में जरूरी चीजों की किल्लत महसूस की जाने लगी थी। दुकानों से जरूरी वस्तुएं नदारद थीं और लोग किफायत बरतने को मजबूर थे। यहां बताना जरूरी है कि 1914 से 1918 के बीच लड़े गए प्रथम विश्व युद्ध में भारतीय सैनिकों ने गजब का योगदान किया था। अंग्रेजों ने उन्हें छलपूर्वक अग्रिम मोर्चों पर रखा था। अपने शौर्य और बलिदान से उन्होंने असंभव को भी संभव कर दिखाया था। दूसरे विश्व युद्ध के दौरान ब्रिटिश हुकूमत ने 'अगस्त प्रस्ताव', 'क्रिप्स मिशन' आदि के जरिये मित्र-देशों और भारतीयों को भरमाए रखने की नीति अपना रखी थी। यही वजह है कि गांधी द्वितीय विश्व युद्ध में भारतीय सैनिकों की सहभागिता से असहमत थे, फिर भी हिन्दुस्तानी सूरमा अग्रिम पंक्तियों में झोंक दिए गए थे, क्योंकि वे तकनीकी तौर पर 'ब्रिटिश रॉयल आर्मी' का हिस्सा थे। इस जंग में 87 हजार से अधिक भारतीय जवान शहीद हुए। प्रथम विश्व युद्ध पहले ही 74 हजार हिन्दुस्तानी जांबाजों को लील चुका था। भारतीय मानस इससे मर्माहत था। हर कस्बे और गांव में इन शहादतों ने गम और गुस्से के बीज रोप रखे थे। ऊपर से कृषि प्रधान इस देश में अधिसंख्य लोगों के पास पेट भरने का अनाज तक न था। जमींदारों के कारिंदे कर वसूली के लिए मध्ययुगीन तरीके आजमाते थे। जो भी उन्हें देखता, उसके रोंगटे खड़े हो जाते। क्या आपको नहीं लगता कि 'करो या मरो' का नारा देने का यह सही समय थाड़ मुझे कहने में कोई संकोच नहीं कि अगले पांच वर्षों की तमाम घटनाओं की नींव इस आंदोलन ने रखी। आगे चलकर हम भारतीय अहिंसक और हिंसक, दोनों तरीकों से अपनी अनूठी लड़ाई को अंजाम तक पहुंचाने में सफल रहे।

अब मौजूदा वक्त पर लौटते हैं। आजादी के इन 75 वर्षों में हमने शानदार तरक्की की। चार दशक पहले तक हमारे पास पेट भरने के लिए भोजन तक न था। आज जब रूस और यूक्रेन युद्ध की वजह से संसार भर में खाद्यान्न का भयावह संकट पैदा हो गया है, तब समूची दुनिया भारत की ओर उम्मीद भरी नजरों से देख रही है। अगर हमारे पास अन्न के भरे हुए भंडार हैं, तो यह भी सच है कि लगभग 19 करोड़ लोग प्रतिदिन भरपेट भोजन से वंचित हैं। इन दिनों गर्व करने के लिए हमारे पास बहुत कुछ है, पर सच्चाई यह भी है कि हम हिन्दुस्तानी अब तक तमाम आर्थिक और सामाजिक विरोधाभासों से मुक्त नहीं हो पाए हैं। आजादी की लड़ाई भारतवासियों ने मिलकर लड़ी थी, पर आज तरह-तरह के अलगावों के स्वर सुनाई पड़ते हैं। मतलब साफ है, 'स्वतंत्रता का अमृत महोत्सव' अगर हमें गौरवान्वित करता है, तो नई उपजी चुनौतियों से पार पाने की प्रेरणा भी देता है।

## महंगाई या अमेरिकी फेड रिजर्व...

## लगातार तीसरी बार बढ़ी रेपो रेट की दरें

रेपो रेट में कमी पिछली बार मार्च 2020 में कोरोना और लॉकडाउन के प्रभावों से निपटने के क्रम में की गई थी। उसके बाद दो साल यह दर स्थिर रखी गई। और फिर जब बढ़ना शुरू हुई तो पिछले ढाई महीने में 1.4 फीसदी बढ़ गई। इसके पीछे महंगाई दर के साथ ही रुपये में आई गिरावट का भी हाथ है। रिजर्व बैंक की मॉनिटरी पॉलिसी कमिटी (एमपीसी) ने शुक्रवार को लगातार तीसरी बार रेपो रेट में बढ़ोतरी की। 50 बेसिस पॉइंट की इस बढ़ोतरी के बाद रेपो रेट 5.4 फीसदी पर पहुंच गया है। हालांकि यह बढ़ोतरी अप्रत्याशित नहीं कही जा सकती। महंगाई दर रिजर्व बैंक की चिंता का कारण बनी हुई है। रेपो रेट में बढ़ोतरी का यह फैसला एमपीसी ने सर्वसम्मति से किया है। रेपो रेट में कमी पिछली बार मार्च 2020 में कोरोना और लॉकडाउन के प्रभावों से निपटने के क्रम में की गई थी। उसके बाद दो साल यह दर स्थिर रखी गई। और फिर जब बढ़ना शुरू हुई तो पिछले ढाई महीने में 1.4 फीसदी बढ़ गई। इसके पीछे महंगाई दर के साथ ही रुपये में आई गिरावट का भी हाथ है।

उपभोक्ता मूल्य सूचकांक पर आधारित महंगाई दर जून में 7.01 फीसदी पर थी जबकि खुदरा महंगाई जनवरी से ही रिजर्व बैंक के लिए




सुविधाजनक छह फीसदी के स्तर से ऊंची चल रही है। थोक मूल्य सूचकांक पर आधारित महंगाई दर की बात करें तो यह पिछले 15 महीने से दो अंकों में चल रही है। जून में तो यह 15.18 फीसदी पर थी। जाहिर है, रिजर्व बैंक इसे नजरअंदाज नहीं कर सकता। लेकिन जो दूसरा कारक है रुपये के अवमूल्यन का, वह भी कम महत्वपूर्ण नहीं। डॉलर के मुकाबले रुपये में इधर 4.7 फीसदी की गिरावट देखने को मिली है। हालांकि इसका मुख्य कारण भारतीय अर्थव्यवस्था की कमजोरी नहीं बल्कि अमेरिकी सेंट्रल बैंक द्वारा ब्याज दरों में बढ़ोतरी को माना जा रहा है। पिछले महीने अमेरिकी फेडरल रिजर्व ने लगातार दूसरी बार ब्याज दरों में 0.75 फीसदी की बढ़ोतरी की। अमेरिकी ब्याज दरों में हुई तीव्र बढ़ोतरी का सीधा प्रभाव भारत जैसे इमर्जिंग मार्केट्स पर पड़ता है। ऐसी सूरत में इन देशों से निवेशक पैसा निकालकर डॉलर एसेट्स में लगाते हैं। वित्त वर्ष 2023 में 3 अगस्त तक पोर्टफोलियो निवेश में 13.3 अरब डॉलर का आउटफ्लो दर्ज किया गया था। हालांकि इस तरह के प्रभाव भारत तक सीमित नहीं हैं। अन्य देशों पर भी मिलते-जुलते असर देखे गए हैं। उदाहरण के लिए बैंक ऑफ इंग्लैंड को भी ब्याज दरों में 50 बेसिस पॉइंट की बढ़ोतरी करनी पड़ी है, जो वहां पिछले 27 साल की सबसे बड़ी बढ़ोतरी है। यह जरूर ध्यान में रखना चाहिए कि भारत के लिए हालात चुनौतीपूर्ण भले हों, चिंतानजक नहीं हैं। उसके फंडामेंटल्स मजबूत हैं। विदेशी मुद्रा भंडार के लिहाज से यह अभी भी दुनिया का चौथा सबसे बड़ा देश बना हुआ है। मगर फिर भी अमेरिकी फेडरल रिजर्व द्वारा ब्याज में बढ़ोतरी के असर को अनदेखा नहीं किया जा सकता। रिजर्व बैंक द्वारा रेपो रेट में की गई बढ़ोतरी से उन प्रभावों से निपटने में आसानी होगी। मगर इसके साथ ही अर्थव्यवस्था की सेहत पर ध्यान देना भी जरूरी है। किसी भी स्थिति में रोजगार के मौके पैदा करने और डिमांड को मजबूती देने की जरूरत को ज्यादा समय तक नहीं टाले रखा जा सकता।

## मंकीपॉक्स से मुकाबला, टीका विकसित करने पर जोर

भारत में मंकीपॉक्स ने दस्तक दे दी है। दिल्ली में 3 और मामले आने के बाद बारत में इस वायरस से संक्रमित होने वाले कुल मामलों की संख्या 8 हो गई हैं। जानकार मान रहे हैं कि आने वाले दिनों में केस बढ़ सकते हैं। इसके बाद इससे मुकाबला करने के लिए टीका विकसित करने पर जोर दिया जा रहा है। देश में मंकीपॉक्स के बढ़ते मामले अब थोड़ी चिंता पैदा कर रहे हैं। मंगलवार को राजधानी दिल्ली में और केरल में इसका एक-एक और केस सामने आया। दिल्ली का यह तीसरा मामला है और इसमें संक्रमित व्यक्ति का हालिया विदेश यात्रा का कोई रेकॉर्ड भी नहीं है। इसके बाद देश में मंकीपॉक्स के मरीजों की कुल संख्या बढ़कर 8 हो गई है। जानकारों के मुताबिक आने वाले दिनों में यह संख्या बढ़ सकती है। इन पॉजिटिव पाए गए व्यक्तियों के संपर्क में आए 50 लोगों के नमूने लिए गए हैं, जिनकी जांच की जा रही है। इनमें से कई लोगों में इसके लक्षण देखे जा रहे हैं। स्वाभाविक ही सरकार इसे गंभीरता से ले रही है। अभी से बचाव के इंतजाम किए जा रहे हैं। न केवल अस्पतालों में स्टाफ को इसके लिए तैयार किया जा रहा है बल्कि मंकीपॉक्स के संदिग्ध और कन्फर्म मामलों के लिए अलग-अलग रूम रिजर्व रखने को भी कहा गया है।




## सभी पक्ष जिम्मेदारी समझें

2021 में ग्लासगो समिट में प्रधानमंत्री मोदी ने जिन पांच प्रतिबद्धताओं की बात कही थी वे हैं- भारत 2030 तक गैर जीवाश्म ईंधन आधारित ऊर्जा क्षमता को बढ़ाकर 500 गिगावॉट तक कर लेगा, वह अपनी 50 फीसदी ऊर्जा जरूरतें अक्षय ऊर्जा से पूरी करने लगेगा, अभी से 2030 तक के कुल अनुमानित कार्बन उत्सर्जन में एक अरब टन की कमी करेगा और...

**जलवायु परिवर्तन का मसला**–केंद्रीय मंत्रिमंडल ने पिछले साल ग्लासगो में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा घोषित पंचामृत रणनीति को उन्नत जलवायु लक्ष्यों में शामिल करते हुए मंजूरी दे दी। इसका मकसद भारत की अक्षय ऊर्जा पर निर्भरता बढ़ाने और साल 2070 तक उसे जीवाश्म आधारित ईंधन से पूरी तरह मुक्त करने के लक्ष्य की ओर आगे बढ़ना है। भारत सरकार का यह कदम वैसे जलवायु परिवर्तन से संबंधित प्रतिबद्धताओं और उससे जुड़े दायित्वों के प्रति उसकी गंभीरता दर्शाता है, लेकिन कुछ हलकों से यह बात भी उठ रही है कि कैबिनेट के इस ताजा कदम में भारत के अपने कमिटमेंट से पीछे खिसकने के संकेत मिल रहे हैं। कहा जा रहा है कि प्रधानमंत्री मोदी द्वारा ग्लासगो के कॉप 26 सत्र में दिए गए पंचामृत सूत्र में पांच प्रतिबद्धताएं घोषित की गई थीं, जबकि मंत्रिमंडल द्वारा मंजूर प्रतिबद्धताओं में दो का ही जिक्र है। ग्लासगो सम्मेलन में प्रधानमंत्री ने जिन पांच प्रतिबद्धताओं की बात कही थी वे हैं- भारत 2030 तक गैर जीवाश्म ईंधन आधारित ऊर्जा क्षमता को बढ़ाकर 500 गिगावॉट तक कर लेगा, वह अपनी 50 फीसदी ऊर्जा जरूरतें अक्षय ऊर्जा से पूरी करने लगेगा, अभी से 2030 तक के कुल अनुमानित कार्बन उत्सर्जन में एक अरब टन की कमी करेगा, इकॉनमी की कार्बन तीव्रता में 45 फीसदी से अधिक की कमी लाएगा और, 2070 तक नेट जीरो उत्सर्जन का लक्ष्य हासिल कर लेगा। इसके बरक्स बुधवार को कैबिनेट की मंजूरी के बाद जारी किए गए प्रेस वक्तव्य में दो ही प्रतिबद्धताओं का जिक्र है- एक 2030 तक कार्बन उत्सर्जन की तीव्रता जीडीपी के 45 फीसदी तक घटाना और दो, 50 फीसदी जरूरतें अक्षय ऊर्जा से पूरी करना। मगर इन आशंकाओं को तूल देने से पहले कुछ तथ्यों पर विचार कर लेना चाहिए। पहली बात तो यह कि ये प्रतिबद्धताएं 2070 तक भारत को नेट जीरो उत्सर्जन के बड़े लक्ष्य से जुड़ी हुई हैं और इस कैबिनेट के ताजा फैसले के बाद जारी प्रेस वक्तव्य में भी इस लक्ष्य का उल्लेख किया गया है। दूसरी बात यह कि भारत के इन लक्ष्यों के प्रति समर्पण का ज्यादा सटीक परीक्षण इस बात से हो सकता है कि ग्लासगो में प्रधानमंत्री द्वारा की गई घोषणा के बाद से अब तक इस दिशा में कितने कदम उठाए या नहीं उठाए गए हैं। इस बिंदु पर हम देखते हैं कि भारत ने इस अवधि में इलेक्ट्रिक वाहनों और बैटरी मैन्युफैक्चरर्स के लिए प्रोडक्शन-लिंक्ड-इन्सेंटिव्स घोषित करने, एनर्जी यूस से जुड़े कानूनों में संशोधन करने और नैशनल हाइड्रोजन प्लान लाने जैसे कई कदम उठाए हैं। मगर इसके साथ ही यह भी समझना होगा कि इस रास्ते पर भारत इकतरफा ढंग से आगे नहीं बढ़ता रह सकता है। विकसित देशों को भी अपनी प्रतिबद्धताओं के प्रति गंभीरता दिखानी होगी। ग्लासगो सम्मेलन में भी भारत ने साफ किया था कि 2030 तक क्लाइमेट फंडिंग के तहत उसे 1 ट्रिलियन डॉलर की सहायता मिलनी चाहिए। उम्मीद की जाए कि नवंबर में इजिप्ट में होने वाले अगले दौर की जलवायु वार्ता में इस पहलू पर गंभीरता से गौर किया जाएगा।

# यूपी में बीजेपी के लिए बढ़ेंगी मुश्किलें!

## 2024 से पहले बड़ा होगा सपा गठबंधन

**मैनपुरी।** मैनपुरी उपचुनाव में डिंपल की जबरदस्त जीत के बाद शुक्रवार को बदायूं के पूर्व विधायक आबिद रजा जहां पार्टी में दोबारा शामिल हो गए, वहीं सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के अध्यक्ष और उत्तर प्रदेश के पूर्व मंत्री ओमप्रकाश राजभर ने सपा के प्रति अपने तेवर में नरमी के संकेत देते हुए कहा, शिवपाल सिंह यादव पहल करेंगे तो हमारी सपा के राष्टीय अध्यक्ष अखिलेश यादव से फिर से बातचीत हो सकती है. राजनीतिक विश्लेषक और शिक्षक विपिन बिहारी श्रीवास्तव ने 'पीटीआई-भाषा' से बातचीत में कहा, मैनपुरी उपचुनाव और यादव परिवार की एकजुटता ने भाजपा के समानांतर भविष्य तलाशने वालों की उम्मीद जगा दी है और अगर सपा ने निकाय चुनावों में ठीक-ठाक प्रदर्शन किया तो लोकसभा चुनावों के लिए छोटे दल फिर सपा के साथ आने को आतुर होंगे. उन्होंने कहा कि अखिलेश और शिवपाल की निकटता को निकाय चुनाव की कसौटी पर खरा उतरना होगा और इस चुनाव के बाद 2024 के लोकसभा चुनाव की भी दिशा तय हो जाएगी.

दस अक्टूबर 2022 को सपा संस्थापक मुलायम सिंह यादव के निधन से रिक्त हुई मैनपुरी संसदीय सीट पर हुए उपचुनाव में डिंपल ने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी एवं भाजपा प्रत्याशी रघुराज सिंह शाक्य को 2.88 लाख से अधिक मतों से हराया. 2019 के लोकसभा चुनाव में मुलायम ने मैनपुरी से करीब 90 हजार मतों के अंतर से चुनाव जीता था. माना जा रहा है कि अखिलेश और शिवपाल के बीच मतभेद समाप्त होने और यादव परिवार की एकजुटता ने ही सपा के पक्ष में माहौल बनाया. राजनीतिक जानकार यही दावा कर रहे हैं कि अगर यादव परिवार की एकजुटता बनी रही तो लोकसभा चुनाव में उत्तर प्रदेश में सपा ही भाजपा के मुख्य विकल्प के रूप में उभरेगी. यही वजह है कि पिछले विधानसभा चुनाव में सपा के सहयोगी रह चुके राजभर 2024 में होने वाले लोकसभा चुनाव को लेकर सपा में संभावनाएं तलाशने में जुट गए हैं. इस सिलसिले में जब राजभर से बातचीत की गई तो उन्होंने 'पीटीआई-भाषा' से कहा, हां, बिल्कुल! बात करने में क्या दिक्कत है. कोई खेत-मेड़ का झगड़ा तो है नहीं, राजनीति में कौन किसका दुश्मन है. अपनी बात को बल देने के लिए राजभर ने बिहार में जनता दल यूनाइटेड और राष्ट्रीय जनता दल, कश्मीर में बीजेपी और पीडीपी, उत्तर प्रदेश में 2019 में सपा व बसपा के बीच हुए गठबंधन का उदाहरण भी दिया. राजभर ने दावा किया, ÷हम निकाय चुनाव अकेले अपने दम पर लड़ेंगे, लेकिन 2024 के लोकसभा चुनाव में किसी न किसी से गठबंधन जरूर करेंगे. यह पूछे जाने पर कि क्या सपा के किसी नेता ने सुभासपा से हाथ मिलाने की पहल की है, उन्होंने कहा कि अभी किसी ने कोई पहल नहीं की है.



**निकाय चुनाव के बाद तय होगी रणनीति**–सियासी गलियारों में अटकलें लगाई जा रही हैं कि राजभर जैसे छोटे दलों के नेता निकाय चुनाव में सपा की स्थिति का आकलन करेंगे और परिणाम के हिसाब से ही 2024 के चुनाव के लिए अपनी दिशा तय करेंगे. यूपी में बहुत जल्द नगर निकाय चुनाव की अधिसूचना जारी होने की संभावना है. राज्य में 17 नगर निगम, 200 नगर पालिका परिषद और 545 नगर पंचायतों में महापौर, अध्यक्ष और सभासदों के चयन के लिए मतदान होना है. विधानसभा चुनाव के बाद हुए विधान परिषद चुनाव में टिकट न मिलने से जनवादी पार्टी (सोशलिस्ट) के अध्यक्ष डॉ. संजय चौहान सपा से खफा हो गए थे, लेकिन अब वह फिर पार्टी के साथ आ गए हैं. 2019 में सपा के चिह्न पर चंदौली से लोकसभा चुनाव लड़ चुके डॉ. चौहान ने 'पीटीआई-भाषा' से बातचीत में स्वीकार किया, विधान परिषद के चुनाव में मौका न मिलने से सपा से थोड़ी दूरी हो गई थी, लेकिन अब हम अखिलेश जी के साथ हैं और निकाय चुनाव में सपा का समर्थन करेंगे. उन्होंने कहा, लोग बीजेपी से धीरे-धीरे ऊबने लगे हैं. मुझे लगता है कि 2024 में सपा को ठीक-ठाक सफलता मिलेगी। महान दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष केशव देव मौर्य ने 'पीटीआई-भाषा' से कहा, हम लोग (छोटे दल) मुख?य खिलाड़ी नहीं हैं और मुख?य खिलाड़ी (बड़े दल) अभी पत्ते नहीं खोल रहे हैं. ऐसे में हम किसके साथ जाएंगे, इसे लेकर खूब तुक्केबाजी चल रही है. अखिलेश के साथ दोबारा तालमेल बैठाने की संभावनाओं पर मौर्य ने कहा, देखिए, अखिलेश यादव से ही नहीं, बीजेपी से, कांग्रेस से, बसपा, सभी से गठबंधन की संभावनाएं हैं. जब हम अपनी बदौलत एक भी सीट जीत नहीं सकते तो किसी न किसी का सहारा तो लेंगे ही. अब सहारा कौन देगा, यह उन पर निर्भर करता है. महान दल के नेता ने कहा, पहल बड़े दलों को करनी है और अगर कोई हमें बुलाता ही नहीं है तो हम गठबंधन के लिए तैयार होकर भी क्या करेंगे. उन्होंने संकेत दिया कि वह मौके का इंतजार कर रहे हैं. इस बारे में पूछे जाने पर सपा के राष्ट्रीय सचिव और मुख्य प्रवक्ता राजेंद्र चौधरी ने कहा, सपा ही बीजेपी का एकमात्र विकल्प है. अखिलेश जी सक्षम हैं. लोगों को यह अच्छी तरह से मालूम है. उन्होंने उम्मीद जताई कि देर से ही सही, लेकिन बहुत से लोग सपा में आएंगे. हालांकि, जब ओमप्रकाश राजभर से गठबंधन की संभावनाओं के बारे में पूछा गया तो चौधरी ने कहा कि उनके बारे में अखिलेश जी ही तय करेंगे.

# जो अधिकारी तनाशाही कर रहे हैं, अखिलेश यादव से मिलने का मांग रहे थे समय

उत्तर प्रदेश में उपचुनाव के दौरान भीम आर्मी चीफ चंद्रशेखर आजाद ने समाजवादी पार्टी गठबंधन को समर्थन दिया था. इस दौरान उन्होंने सपा गठबंधन के प्रत्याशी और खास तौर पर खतौली में आरएलडी के लिए प्रचार भी किया. वहीं इस दौरान उन्होंने बीजेपी सरकार पर जमकर जुबानी हमले किए थे. अब उन्होंने अधिकारियों और अखिलेश यादव को लेकर एक बड़ा दावा किया है. हालांकि खतौली के अलावा रामपुर उपचुनाव के लिए चंद्रशेखर आजाद ने आजम खान के करीबी आसिम रजा के लिए भी प्रचार किया था. तब रामपुर उपचुनाव के बीच प्रशासन और पुलिस पर तमाम आरोप सपा गठबंधन के ओर से लगाए गए थे. वहीं अब इससे जुड़े एक सवाल के जवाब में चंद्रशेखर आजाद ने कहा है, अखिलेश यादव के साथ चर्चा हुई थी कि जो अधिकारी अभी तनाशाही कर रहे हैं वो अधिकारी जब सरकार बनने की चर्चा हो रही थी तो मिलने का समय मांग रहे थे.

**इस सवाल पर दी प्रतिक्रिया**–



भीम आर्मी चीफ ने ये बयान एक सवाल का जवाब देते हुए दिया है. उनसे पूछा गया था कि जब रामपुर उपचुनाव में वे अखिलेश यादव के साथ मंच पर बैठे थे तो क्या बातचीत हो रही थी. दरअसल, मंच पर दोनों के बीच बातचीत की तस्वीरें उस वक्त काफी वायरल हुई थी. भीम आर्मी चीफ ने अखिलेश यादव के साथ गठबंधन को लेकर भी जवाब दिया. उन्होंने कहा, मेरी उनसे व्यक्तिगत रूप से कोई लड़ाई नहीं है. मैं इससे पहले भी दो बार उनसे मिला हूं. अब इस चुनाव के बाद आरएलडी और चंद्रशेखर के बयान के आधार पर माना जा रहा है कि दोनों का गठबंधन 2024 के लोकसभा चुनाव तक जारी रह सकता है. इसके संकेत दोनों ओर से नेताओं द्वारा दिए गए बयान से ये स्पष्ट भी हो गया है. वहीं उपचुनाव के बाद गठबंधन के नेताओं के बीच दो बार मुलाकात भी हुई है. जबकि आरएलडी विधायक ने कहा था, भाई चंद्रशेखर की आजाद समाज पार्टी का बहुत महत्वपूर्ण योगदान है और 2024 के लिए एक नीव पड़ चुकी है जो आगे सफल साबित होगी.

# पठान फिल्म विवाद में दीपिका पादुकोण की जगह सीएम योगी की फोटो लगाने पर एफआईआर दर्ज

**नई दिल्ली।** पठान फिल्म में दीपिका पादुकोण की तरह कपड़े पहले हुए सीएम योगी आदित्यनाथ की तस्वीर रविवार से सोशल मीडिया पर वायरल हो रही थी. अब इस वायरल फोटो पर लखनऊ के साइबर थाने में एफआईआर दर्ज हुई है. तस्वीर में दीपिका पादुकोण की जगह मुख्यमंत्री को कपड़े वाली तस्वीर की साइबर से जांच करेगा. इस मामले में आईटी एक्ट की धाराओ के तहत एफआईआर दर्ज हुई है. वहीं डीजीपी मुख्यालय की साइबर टीम को जांच के लिए लगाया गया है. वहीं इससे पहले इस मामले में सीएम योगी आदित्यनाथ की प्रतिक्रिया आने का भी दावा किया गया था. सका वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हुआ. हालांकि सीएम योगी की प्रतिक्रिया के दावों के साथ वायरल हो रहे इस वीडियो पर बड़ा सच सामने आया है. मुख्यमंत्री का यह बयान साल 2015 का है. उस वक्त गोरखपुर से सांसद थे. फैक्ट चेक में पाया गया कि मुख्यमंत्री ने अभी तक इस मामले पर कोई प्रतिक्रिया या टिप्पणी नहीं की है. इस वीडियो में सीएम योगी आदित्यनाथ को कहते हुए सुना जा सकता है - शाहरुख खान को इस बात को याद रखना चाहिए कि अगर इस देश का बहुसंख्यक समाज उनकी फिल्मों का बहिष्कार कर देगा तो एक आम मुस्लमान की तरह उनको भी सड़कों पर भटकना पड़ेगा. इसमें विवाद की वजह दीपिका पादुकोण का ग्लैमरस और बोल्ड लुक है, जोकि उन्होंने भगवा रंग की बिकनी पहनकर दिए हैं. इस गाने में उनके कपड़ों का रंग ही विवाद का कारण बना हुआ है.

# बढ़ती ठंड के बीच सीएम योगी का निर्देश कहा-कंबल और रैनबसेरे की करें व्यवस्था

**नई दिल्ली।** उत्तर प्रदेश में बढ़ती ठंड के बीच मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जरूरतमंदों के लिए रैन बसेरे उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं. सीएम ने कहा है कि रैन बसेरों की व्यवस्था का जिलाधिकारी निरीक्षण करें और अलाव की समुचित व्यवस्था की जाए. निराश्रितों और जरूरतमंदों को कंबल दिया जाए. सीएम ने समय से इसकी खरीद के लिए निर्देश दिए हैं. सीएम योगी ने कहा है कि कंबल खरीद में स्थानीय बुनकरों, उत्पादकों को वरीयता दी जाए और गुणवत्ता से समझौता न किया जाए. प्रदेश में तेजी से बढ़ती ठंड के बीच मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सभी जिलाधिकारियों को



निराश्रितों, बुजुर्गों, यात्रियों सहित आम जनजीवन की सुरक्षा और सहायता के लिए आवश्यक व्यवस्था करने के निर्देश दिए हैं.

**क्या कहा है सीएम ने**–रविवार को एक उच्चस्तरीय बैठक में मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि, निराश्रित, जरूरतमंद लोगों को वितरित किये जाने के लिए सभी जिलाधिकारी कंबलों की खरीद समय से पूरी कर लें. उन्होंने कहा कि कंबल गुणवत्तापरक हों, उनकी मूल्य में एकरूपता सुनिश्चित की जानी चाहिए. सीएम ने कहा, ठंड से बचाव के लिए कंबल आदि सामग्री की खरीद में स्थानीय उत्पादकों/बुनकरों/व्यापारियों को वरीयता दी जानी चाहिए. इस संबंध में शासनादेश भी जारी किया गया है और इसके अनुसार ही आवश्यक कार्यवाही की जाए. सीएम ने कहा कि, प्रत्येक दशा में यह सुनिश्चित किया जाए कि कंबल आदि राहत सामग्री का वितरण स्थानीय सांसद/विधायक/स्थानीय निकाय चेयरमैन आदि जनप्रतिनिधियों द्वारा ही किया जाएगा. उक्त अवसर पर प्रशासन के अधिकारी सहायता के लिए उपस्थित रहेंगे. रैन बसेरे क्रियाशील होने चाहिए. जिलाधिकारी स्वयं रैन बसेरों की व्यवस्था का औचक निरीक्षण करें और जहां आवश्यकता हो सुधार कराएं. ठंड के मौसम में सड़क पर कोई भी व्यक्ति सोता हुआ नजर न आए, हर जरूरतमंद को रैन बसेरे की सुविधा उपलब्ध हो.





# पीएम मोदी पर जयंत चौधरी की विवादित टिप्पणी

**यूपी।** भारत में पठान फिल्म के गाना बेशर्म रंग को लेकर राजनीतिक बयानबाजी चल रही है. इस गाने का कई जगहों पर जमकर विरोध हो रहा है. इसी क्रम में बीते दिनों राष्ट्रीय लोक दल प्रमुख सांसद जयंत चौधरी का भी बयान आया था. तब उन्होंने पीएम नरेंद्र मोदी तब आरएलडी प्रमुख जयंत चौधरी ने कहा था, मोदी जी अब कपड़ों की बात कर रहे हैं कि फलाने अभिनेता ने ऐसे कपड़े पहने हैं. लानत है, ये दरवाजे पर चिटकनी लगाके पत लग गया कि अकेले में कैसी तस्वीर देखते हैं? जयंत चौधरी ने ये टिप्पणी मुजफ्फरनगर की एक जनसभा के दौरान की है. उनकी इस टिप्पणी के बाद बीजेपी ने भी अब पलटवार किया है.

**बीजेपी का पलटवार**–खतौली में पीएम मोदी पर जयंत चौधरी की विवादित टिप्पड़ी का मामला अब तूल पकड़ने लगा है. अब बीजेपी व्यापार प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक विनीत शारदा ने जयंत चौधरी पर पलटवार किया है. उन्होंने कहा, सपा का चरित्र जयंत चौधरी के भीतर घुस गया है. जयंत चौधरी समझ जाओ, संभल जाओ, देश से माफी मागें. इसके अलावा जयंत चौधरी ने सीधे सीएम योगी और पीएम मोदी पर सवाल दागते हुए कहा, तू इधर-उधर की बात मत कर, यह बता कि काफिला क्यों लुटा. 1 साल हो गया है और बीजेपी सरकार बार-बार किसानों के मुकदमे वापस लेने की बात कर रही है. लेकिन आज तक वह मुकदमे वापस नहीं कर पाई है यह उनकी नाकामी है. उन्होंने पाकिस्तान के विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो की पीएम मोदी पर की गई टिप्पणी पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा, बीजेपी के लोग जगह-जगह जनपदों में प्रदर्शन कर रहे हैं, आक्रोश व्यक्त कर रहे हैं, वह देश में मौजूद पाकिस्तान के राजदूत को तलब कर उससे क्यों नहीं जवाब मांगते.

# यूपी में कई जगहों पर घना कोहरा, घटी विजिबिलिटी, शीतलहर के लिए एक सप्ताह तक मौसम विभाग का येलो अलर्ट



**लखनऊ।** घने कोहरे और धुंध की चादर पूरे उत्तर भारत पर छाई है. यूपी समेत पूरे उत्तर भारत में रविवार रात से ही विजिबिलिटी खासी कम हो गई थी. दिल्ली-एनसीआर समेत उत्तर प्रदेश, पंजाब, हरियाणा तक कोहरे की मार देखने को मिल रही है. भारत मौसम विज्ञान विभाग ने शीतलहर पर येलो अलर्ट जारी किया है. ढ्ढरूष्ठ के अनुसार हिमाचल प्रदेश, उत्तर प्रदेश, पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़, दिल्ली और पूर्वी-पश्चिमी राजस्थान में शीतलहर चलेगी. दिल्ली-एनसीआर, यूपी और पंजाब-हरियाणा में पूरे हफ्ते घने कोहरे का अलर्ट है. वहीं लखनऊ में सोमवार सुबह इतना घना कोहरा था कि कुछ मीटर दूर देखना मुश्किल था. तापमान में अचानक गिरावट आई है. ठंड बढ़ते ही अलाव जलना शुरू हो गए हैं. इसके अलावा नोएडा और गाजियाबाद समेत कई इलाकों में घना कोहरा छाया रहा. वहीं आने वाले दिनों में ठंड और बढ़ने का अनुमान है. कोहरे की वजह से विजिबिलिटी और कम हो सकती है.

**शीतलहर पर मौसम विभाग की चेतावनी**–अब ठिठुरन, कोहरा और शीतलहर ने यूपी में भी अपना असर दिखाना शुरू कर दिया है. ढ्ढरूष्ठ ने पूर्वानुमान में कहा है कि यूपी में 22 दिसंबर तक शीतलहर की स्थिति रहेगी. मौसम विभाग ने येलो अलर्ट जारी किया है. कुछ जगहों पर घना कोहरा रह सकता है. वहीं, दिल्ली, हरियाणा, चंडीगढ़, पूर्वी और पश्चिमी यूपी में भी 22 दिसंबर तक कुछ जगहों पर बेहद घना कोहरा देखने को मिल सकता है. मौसम विभाग का कहना है कि बादलों की आवाजाही जारी रहेगी. अभी तक दिसंबर में वैसी ठंड नहीं पड़ रही थी लेकिन रविवार से मौसम ने पलटी मारी. दिल्ली-एनसीआर में रविवार रात को अचानक घना कोहरा पड़ने लगा. यही हाल यूपी, पंजाब समेत बाकी उत्तरी राज्यों का रहा. लखनऊ में रविवार को दिसंबर का सबसे ठंडा दिन रहा. लोकल वेदर सेंटर के अनुसार, अगले दो से तीन दिन बदली का सिलसिला जारी रहेगा, हालांकि पारे में ज्यादा गिरावट नहीं आएगी. अमौसी स्थित आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र के निदेशक एम दानिश ने बताया कि बदली के कारण रविवार को हवा की रफ्तार भी कम रही. बादलों की वजह से धूप नहीं खिली और दिन के पारे में भी गिरावट आई. उन्होंने बताया कि शहर में सोमवार सुबह भी कोहरा छाया रहेगा। दिन में बदली की स्थिति रह सकती है.

# फतेहगढ़ जेल के कैदी अब करेंगे कमाई

उत्तर प्रदेश सरकार एक जिला-एक उत्पाद योजना के तहत फर्रुखाबाद जिले की फतेहगढ़ कारागार के महिला और पुरुष बंदियों को स्वावलंबी बनाने के लिए ब्लॉक प्रिंटिंग कला का प्रशिक्षण दे रही है. कारागार महानिदेशक (डीजी जेल) आनन्द कुमार ने एक बयान में कहा कि ओडीओपी योजना के तहत फतेहगढ़ जेल के महिला और पुरुष कैदियों को ब्लॉक प्रिंटिंग का प्रशिक्षण दिलाया जा रहा है, जिसमें वह रामनामी, राधे-राधे, ओम नम~ शिवाय की छाप के छपे पटके, दुपट्टे और गमछे तैयार कर रहे हैं, और इन चीजों को अयोध्या, मथुरा, वाराणसी और चित्रकूट समेत प्रदेश के अन्य धार्मिक स्थलों पर बिक्री के लिए भेजा जाएगा. कुमार के अनुसार इसके साथ ही फर्रूखाबाद में गंगा के तट पर लगने वाले रामनगरिया मेले में भी इनकी बिक्री की जायेगी.





**40 रुपये प्रतिदिन पारिश्रमिक**–बयान के अनुसार मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ प्रदेश के हर वर्ग को रोजगार, स्वरोजगार उपलब्ध कराने के लिए संकल्पित हैं और उनका यह संकल्प साकार भी हो रहा है. बयान में कहा गया है कि योगी के प्रयास का असर है कि प्रदेश में बेरोजगारी दर वर्ष 2016 में 18 प्रतिशत थी, जो घटकर अप्रैल 2022 में 2.7 प्रतिशत ही रह गई है. कुमार ने बताया कि इस कार्य के लिए कैदियों को 40 रुपये प्रतिदिन पारिश्रमिक दिया जाएगा. उनके अनुसार इसके अलावा बाजार में इनकी बिक्री से होने वाली आय के लाभ के 10 प्रतिशत हिस्से को सरकारी खाते में जमा किया जाएगा और इसके बाद बाकी मुनाफे को उनके बीच बांट दिया जाएगा.

**दिया जाएगा प्रमाण पत्र भी**–डीजी जेल ने बताया कि फतेहगढ़ की 12 महिला कैदियों को आईटीआई की ओर से प्रशिक्षण दिया जा रहा है, जबकि गौतम बुद्ध डवलपमेंट सोसायटी संस्थान की ओर से 35 पुरुष कैदियों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है. उन्होंने बताया कि वर्तमान में फतेहगढ़ में 39 महिला कैदी हैं जिसमें से 12 महिला कैदी ही प्रशिक्षण प्राप्त करने के लायक हैं. बयान के अनुसार शेष महिला कैदी काफी बुजुर्ग होने की वजह से प्रशिक्षण लेने में सक्षम नहीं हैं. इसी तरह 1050 पुरुष कैदी हैं जिनमें से पहले चरण में 35 कैदियों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है. पहले चरण के कैदियों का प्रशिक्षण पूरा होते ही चरणबद्ध तरीके से अन्य कैदियों को प्रशिक्षण दिलाया जाएगा. कैदियों द्वारा प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद उन्हें प्रमाण पत्र दिया जाएगा.

# नौकरी के नाम पर ठगी करने वाले दो गिरफ्तार

उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में नौकरी के नाम पर युवाओं से पैसों की ठगी करने वाले दो आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है. इन दोनों के खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी किया गया था. ये बदमाश नौकरी देने का नाम पर युवाओं को झांसा देकर पैसे वसूलते थे और फिर फर्जी इंटरव्यू का आयोजन कर उन्हें नियुक्ति पत्र देकर फरार हो जाते थे. खबर के मुताबिक आरोपी नौकरी के लिए इंटरव्यू का आयोजन करते थे, फिर नकली नियुक्ति पत्र देते थे. नियुक्ति पत्र देने के बाद वहां से फरार हो जाते थे. पुलिस ने रविवार को निशातगंज फ्लाईओवर के पास से गिरोह के दो सदस्यों नीरज पांडे और जितेंद्र कैलाश को गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल कर ली है. दोनों के खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी किया गया था.

**नौकरी के नाम पर ठगे 1.75 करोड़ रुपये**–इस बारे में ज्यादा जानकारी देते हुए पुलिस ने बताया कि 14 जून, 2021 को मनीष कुमार राय नाम के शख्स ने एक प्राथमिकी दर्ज कराई थी. जिसमें उन्होंने पुलिस को शिकायत की थी कि आरोपियों ने एफसीआई में नौकरी दिलाने के बहाने मनोहर राय, आर्यन आनंद, मुन्ना कुमार, अजय यादव, सूबेदार राजभर, अफरोज खान समेत 12 अन्य से 1.75 करोड़ रुपये ठग लिए और गायब हो गए. पुलिस ने जब इस मामले की जांच की तो पता चला कि इस गिरोह के सदस्य शुरू में एफसीआई में ग्रुप सी और ग्रुप डी की नौकरियों के बारे में बताकर कोचिंग संस्थानों के पास छात्रों को निशाना बनाते थे. बाद में गिरोह का एक सदस्य एक होटल में उनसे मिलता था और प्रत्येक से दो-दो लाख रुपये की टोकन मनी लेता था. इसी तरह से आगे की प्रक्रिया पूरा करता था.

# हापुड़ में घने कोहरे की वजह से आपस में टकराईं 12 गाड़ियां, कई लोग घायल

उत्तर प्रदेश के हापुड़ में दिल्ली-लखनऊ राष्ट्रीय राजमार्ग पर कल रात घने कोहरे के कारण कई वाहन आपस में टकरा गए. वहीं कल रात को ही कोहरे से अचानक यूपी के हाथरस जिले में भी मौसम सर्द हो गया. कोहरे ने सड़कों पर वाहन चलाने वालों और राहगीरों के सामने भी मुश्किलें पैदा कर दी. दोपहिया और चौपहिया वाहनों को चलाने वालों को दूर तक कोहरे की सफेद चादर दिखाई दे रही थी. कोहरे की वजह से वे रेंग रेंग कर चल रहे थे. रात को यहां सिकंदराराऊ क्षेत्र में जीटी रोड पर मंडी के पास कोहरे के चलते आधा दर्जन वाहन आपस में टकरा गए. इस दुर्घटना में आधा दर्जन लोग चोटिल हुए हैं. दुर्घटना के बाद राहगीरों और पुलिस ने बचाव कार्य किया. वहीं यूपी में ही फिरोजाबाद में भी कोहरे का कहर देखने को मिला. यहां भी कोहरे की वजह से कई वाहन आपस में टकरा गए. इसमें आधा दर्जन लोग घायल हो गए. पुलिस प्रशासन ने मौके पर दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को साइड में किया और घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया. थाना शिकोहाबाद क्षेत्र और थाना सिरसागंज क्षेत्र के गांव पचपेड़ा से धातरी तक नेशनल हाईवे 2 पर घने कोहरे के चलते कई वाहन आपस में टकरा गए जिससे काफी वाहन क्षतिग्रस्त हो गए. इसमें आधा दर्जन लोग घायल भी



बताए जा रहे हैं जिनको हॉस्पिटल पहुंचाकर इलाज किया जा रहा है. वहीं पुलिस प्रशासन भी मौके पर पहुंच गया और क्षतिग्रस्त वाहनों को जेसीबी द्वारा साइड में किया गया. यहां कोहरा इतना ज्यादा था कि ग्रामीण लोगों को चिल्ला चिल्ला कर आगाह कर रहे थे कि वाहन को धीरे से चलाएं, आगे काफी वाहन खड़े हुए हैं. एक गाड़ी चालक ने बताया कि मैं गाड़ी बैक कर रहा था तभी गाड़ियां आपस में टकरा गईं. यहां 10 से अधिक गाड़ियां टकराईं हैं, दो-तीन लोग तो मेरे सामने घायल हुए हैं.

# जब पाकिस्तानी एक्ट्रेस सबा कमर को शादीशुदा एक्टर ने किया प्रपोज



पाकिस्तानी एक्ट्रेस सबा कमर इन दिनों अपने मुल्क में कई बड़े प्रोजेक्ट को लेकर चर्चा में हैं। उनका शानदार काम फैंस और क्रिटिक दोनों को हमेशा बहुत पसंद आता है लेकिन इन दिनों सबा कमर का एक इंटरव्यू वायरल है जो पाकिस्तानी सिनेमा में मौजूद बड़े नामों के बड़े कारनामों के बारे में बताता है। सबा से एक इंटरव्यू में पूछा गया कि क्या कभी उन्होंने शुरुआत के दिनों में कोई बुरा अनुभव किया? उन्होंने सवाल सुनते फौरन कहा, 'अरे बहुत तरह के अनुभव किए हैं। इनमें तो कई मैं बता भी नहीं सकती हूं। एक ऐसा अनुभव था जिसने मुझे सबसे ज्यादा हैरान किया। जब मुझे एक शादीशुदा सेलेब्रिटी ने कहा था कि शादी करनी है। मैं सुनकर हैरान रह गई थी कि ये क्या है। मुझे तो लगता था कि दो लोग जो एक दूसरे से प्यार करते हैं, उनकी शादी होती है तो वो किसी दूसरे को क्यों देखेंगे। लेकिन एक फौरन शादी किया हुआ इंसान मुझसे कहता है कि शादी करनी है। मैं एक पल को दंग थी कि ऐसा भी होता है।' सबा कमर ने इंटरव्यू में अपनी पर्सनल लाइफ के बारे में बताते हुए कहा कि वो बुर्का कब पहनना पसंद करती हैं। वैसे एक्ट्रेस की वजह जानकर आपको भी नया आइडिया मिल जाएगा। उन्होंने बताया कि। 'मैं शॉपिंग करना पसंद करती हूं। अपने लिए नहीं, अपने घर के लिए। ऐसे में खुद जाकर घर का सामान लाना मुझे पसंद है। लेकिन हम एक्टर के लिए ऐसा आम जिंदगी में करना आसान नहीं। ऐसे में बुर्का पहनकर मैं खरीदारी करने निकल जाती हूं। कई बार लोग आंखों से और आवाज से पहचान भी जाते हैं लेकिन काम बन जाता है। एक बार तो मैं बुर्का पहनकर सीढ़ी उतर रही थी और बीच बाजार गिर गई। मेरी बहन ने मुझे कहा कि ऐसी क्या मजबूरी है, कौन सी आफत आ जाएगी, बुर्का हटा भी दो। मैंने उसे फिर समझाया और बाकी की शॉपिंग की।'

सबा कमर इन दिनों कमली फिल्म को लेकर चर्चा में है। कमली के ट्रेलर की चर्चा हर तरफ है। कहा जा रहा है कि कमली को पाकिस्तान की तरफ से ऑस्कर के लिए भेजना भी चाहिए। फिल्म इतनी शानदार है। अब देखते हैं कि फिल्म क्या कमाल दिखाती है। सबा कमर का काम कितना दमदार साबित होता है।

# सुहाना खान ने फिर शेयर की मिरर सेल्फी



सुपरस्टार शाहरुख खान की लाडली बेटी सुहाना खान एक बार फिर चर्चा में आ गई हैं। हाल ही में सुहाना खान को अमिताभ बच्चन की बेटी श्वेता बच्चन और उनके बेटे अगस्त्य नंदा संग स्पॉट किया गया था, जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर आग की तरह फैल रहा है। इस बीच सुहाना ने अब अपनी मिरर सेल्फी से फैंस को ढेर करने का काम किया है। सुहाना खान ने बुधवार को अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर जो सेल्फी शेयर की हैं। उसमें सुहाना ने ब्लैक रंग का नेकलाइन टॉप पहना हुआ है और आंखों में डार्क काजल और लाइट मेकअप किया हुआ है। इस मिरर सेल्फी को शेयर कर सुहाना खान ने लिखा है, 'मेरे साथ तैयार हो जाओ' स्वता है, फैंस अब इस मिरर सेल्फी पर प्यार बरसा रहे हैं। सुहाना खान के कई फैंस ने इस सेल्फी पर हार्ट ईमोजी शेयर किए हैं। वहीं, सुहाना खान की डेब्यू सीरीज द आर्चीज के को-एक्टर ने भी इस पर आई लव दिस कमेंट किया है।

बता दें कि सुहाना खान और अगस्त्य नंदा आए दिन सोशल मीडिया पर छा रहे हैं। दोनों को लेकर कई बातें भी बन रही हैं। बता दें, दोनों जल्द ही फिल्म 'द आर्चीज' में साथ नजर आने वाले हैं। फिल्म का निर्देशन जोया अख्तर ने किया है और फिल्म का टीजर भी रिलीज हो चुका है। फिल्म Archie Comics पर आधारित है और फैंस को इस फिल्म के ट्रेलर आने का इंतजार है। इसी के साथ फिल्म से जाह्नवी कपूर की बहन खुशी कपूर भी बॉलीवुड में अपना डेब्यू कर रही हैं।



# हॉट बेब बन पति संग पार्टी में पहुंची मौनी

मुंबई में टीवी स्टार्स निगार्ता कैनेसा वालिया के कबड्डी बैश के लिए एक छत के नीचे एक साथ आए। कबड्डी सेलिब्रेशन में करण कुंद्रा, तेजस्वी प्रकाश, आमिर अली और अर्जुन बिजलानी समेत कई स्टार्स ने शिरकत की। इस दौरान मौनी रॉय ने भी पति सूरज नांबियार के साथ स्टाइलिश एंट्री मारी। लुक की बात करें तो मौनी रेड कलर शॉर्ट बॉडी-हगिंग ड्रेस हॉट लगीं। उन्होंने अपने लुक को मिनिमल मेकअप, काजल, मस्कारे और ओपन हेयर्स से कंप्लीट किया है। इस दौरान मौनी ने रेड स्लिंग बैग भी कैरी किया था। मौनी ने रेड हील्स से अपने लुक को पूरा किया। वहीं सूरज ने ऑल-ब्लैक लुक में नजर आए। सूरज ब्लैक रिप्ड जींस के साथ ब्लैक टी-शर्ट में हैंडसम दिखे। मौनी ने पति सूरज के साथ जमकर पोज दिए। फैंस उनकी इन तस्वीरों को काफी पसंद कर रहे हैं।

काम की बात करें तो मौनी बहुत जल्द फिल्म 'ब्रह्मास्त्र' में नजर आने वाली है। इस फिल्म में एक्ट्रेस के साथ अमिताभ बच्चन, रणबीर सिंह और आलिया भट्ट नजर आएंगे। इस फिल्म को अयान मुखर्जी ने डायरेक्ट किया है। ब्रह्मास्त्र' 9 सितंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।



# ब्लू साड़ी में नुसरत मचा रही है बवाल



सांसद और एक्ट्रेस नुसरत जहां सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। एक्ट्रेस फैंस के साथ तस्वीरें और वीडियोज शेयर करती रहती है। हाल ही में एक्ट्रेस ने साड़ी लुक में अपनी कुछ तस्वीरें शेयर की है, जो फैंस का ध्यान खींच रही हैं।

लुक की बात करें तो नुसरत ब्लू साड़ी में नजर आ रही हैं। इसके साथ एक्ट्रेस ने गोल्डन ज्वेलरी पहनी हुई है। मिनिमल मेकअप और बन से एक्ट्रेस ने अपने लुक को कम्पलीट किया हुआ है। इस लुक में एक्ट्रेस बेहद खूबसूरत लग रही हैं। एक्ट्रेस दिलकश अंदाज में कैमरे के सामने पोज दे रही हैं। नुसरत की इन तस्वीरों को देखकर फैंस कायल हो गए हैं। फैंस इन तस्वीरों को खूब प्यार दे रहे हैं।

काम की बात करें तो नुसरत ने फिल्म 'शोत्रु' से अपने एक्टिंग करियर की शुरुआत की थी। इसके बाद एक्ट्रेस 'खोका 420' में नजर आईं। बंगाली सिनेमा में नाम कमाने के बाद नुसरत 2019 में राजनीति में शामिल हो गईं, लेकिन वह अपने फिल्मी और राजनीतिक करियर के अलावा पर्सनल लाइफ और सोशल मीडिया पोस्ट्स को लेकर भी चर्चा में रहती है।

# वेकेशन ट्रिप से सामने आईं अनुष्का-विराट की अनसीन तस्वीरें



अनुष्का शर्मा और विराट कोहली भारत में सबसे चर्चित और पसंदीदा सेलिब्रिटी कपल्स में से एक हैं। दोनों ने साल 2017 में इटली में शादी रचाई थी। शादी के बाद बेटी वामिका का स्वागत करने के बाद कपल हैप्पी मैरिड लाइफ जी रहा है। कपल अक्सर देश के बाहर वेकेशन मनाने जाता रहता है, जिसकी तस्वीरें इंटरनेट पर खूब वायरल होती हैं। इसी बीच दोनों की लंदन से कुछ अनदेखी तस्वीरें सामने आई हैं, जो इंटरनेट पर लोगों का खूब ध्यान खींच रही हैं।

सामने आई तस्वीरों में अनुष्का और विराट दोनों एक रेस्टोरेंट के शेफ के साथ पोज दे रहे हैं, जिसमें उन्होंने खाना खाया था। इस दौरान एक्ट्रेस पीच कलर की ड्रेस और खुले बालों में बेहद गॉर्जियस लग रही हैं। वहीं विराट ब्लू शर्ट के साथ व्हाइट पैंट में परफेक्ट दिख रहे हैं। शेफ के साथ कपल मस्त पोज दे रहा है। फैंस भी इन तस्वीरों को खूब पसंद कर रहे हैं और कमेंट कर अपनी प्रतिक्रिया भी दे रहे हैं। काम की बात करें तो अनुष्का शर्मा जल्द ही फिल्म चकदा एक्सप्रेस में नजर आएंगी। इसमें वह क्रिकेटर झूलन गोस्वामी की भूमिका निभाएंगी। वहीं इस फिल्म के जरिए अनुष्का पूरे 4 साल बाद फिल्मों में कमबैक कर रही हैं।

# कृति सेनन ने की अपने आदिपुरुष सह-कलाकार प्रभास की आंखों की तारीफ





देश की लीडिंग एक्ट्रेसेज में से एक कृति सेनन जल्द ही प्रभास के साथ अपनी अपकमिंग पैन-इंडिया माइथोलॉजिकल ड्रामा आदिपुरुष में दिखाई देंगी। हालांकि, यह कहा जाता है कि उनकी ऑनस्क्रीन केमिस्ट्री फिल्म के लिए असल में प्लस है, एक्ट्रेस ने हाल ही में अपने को-स्टार की आंखों में झलक रही पोजिटिविटी को लेकर एक इंटरव्यू में बात की। कृति ने हमेशा अपने को-एक्टर्स के साथ एक शानदार केमिस्ट्री साझा की है और ऐसे में अब जहां लीडिंग लेडी कृति आदिपुरुष में प्रभास के साथ बड़े पर्दे पर आने वाली हैं, इसने निश्चित रूप से फिल्म के लिए दर्शकों के बीच उत्साह बढ़ा दिया है। एक लीडिंग पोर्टल के साथ हाल ही में एक इंटरव्यू के दौरान, कृति के एक प्रशंसक ने उनसे सवाल पूछा कि, फूड स्टोरी के अलावा, प्रभास के बारे में और कौन सी ऐसी यूनीक क्वालिटी है जो उन्हें दूसरों से अलग करती है, कुछ ऐसा जिससे सब अंजान हैं, जो वह फैन के साथ साझा कर सकती हैं? क्या वह दोबारा उनके साथ काम करना पसंद करेंगी? इन सवालों का जवाब देते हुए कृति सेनन ने कहा, मैं उनके साथ फिर से काम करना पसंद करूंगी, उनके साथ काम करने में मुझे बहुत मजा आया... खाने के अलावा उनके बारे में कुछ अनोखा... मुझे लगता है कि उनकी आंखों में कुछ अजीब सुकून है।

# सौतेली बेटी सारा अली खान के लिए करण जौहर से भिड़ गईं करीना कपूर, आमिर ने भी उड़ाई धज्जियां

**मुंबई।** कॉफी विद करण 7 का पांचवा एपिसोड सोशल मीडिया पर ट्रेंड कर रहा है। इसकी क्लिप्स वायरल हैं। लोग आमिर खान की तारीफ कर रहे हैं। उन्होंने होस्ट करण जौहर को जमकर रोस्ट किया। वहीं करीना की क्लिप्स भी वायरल हैं। एक क्लिप में करीना और आमिर ने मिलकर करण जौहर को ट्रोल किया है। इस क्लिप में करीना सारा अली खान के लिए करण से भिड़ गई हैं। करीना ने जाह्नवी और सारा वाले एपिसोड के लिए सारा की तरफ से करण को सुनाया।

**करण से भिड़ीं करीना**–सोशल मीडिया पर वायरल क्लिप में करीना करण से बोल रही हैं कि तुमने पक्षपात किया था। करण जवाब देते हैं मैंने ऐसा बिल्कुल भी नहीं किया। इस पर करीना बोलती हैं ये बहुत गलत बात है करण। करण सफाई देते हैं कि जाह्नवी दोनों राउंड हार गई थी तो मुझे बुरा लग रहा था। करीना करण पर काउंटर अटैक करती हैं कि इसमें बुरा लगने वाली क्या बात है। तो करण बोलते हैं कि कोई हार गया है तो मैं बस उसके साथ अच्छा पेश आने की कोशिश कर रहा था। करीना बोलती हैं तो तुम कॉम्पेनशेट कर रहे थे लेकिन ये तो शो है। इस बीच आमिर खान बीच में बोल पड़ते हैं, तुम किसी के लिए अच्छे बनने की कोशिश कर रहे थे, क्या बात कर रहा है यार! यह बोलकर करीना और आमिर जोर से हंस पड़ते हैं। करीना खुश हो जाती हैं कि आमिर अच्छे फॉर्म में हैं, मैं बहुत खुश हूं। बता दें कि जाह्नवी कपूर और सारा अली खान वाले एपिसोड के बाद सोशल मीडिया पर भी यह बात उठी थी कि करण जौहर ने जाह्नवी को स्पेशल फील करवाया और उनकी वजह से सारा अली खान मायूस नजर आई।



# धान खरीदी के सबंध में किसानों कों कोई समस्या हो अधिकारियों कों दिये निर्देश कलेक्टर चैतन्य

**ब्यूरो रिपोर्ट -रीतेश अवस्थी**

**दमोह।** दमोह कलेक्टर एस कृष्ण चैतन्य ने आयोजित समय सीमा बैठक के दौरान अधिकारियों से कहा है कि शासन द्वारा निर्धारित मापदंडों के तहत धान की खरीदी सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा किसानों को किसी तरह की समस्या ना हो, अधिकारी सुनिश्चित करेंगे, यदि किसानों को किसी तरह की समस्या होती है, तो वे अपनी बात नियमानुसार प्रशासन के समक्ष रख सकेंगे। कलेक्टर चैतन्य ने आज समय सीमा बैठक में समय-सीमा पत्रों सहित अन्य पत्रों पर समीक्षा कर रहे थे। बैठक में सीईओ जिला पंचायत अजय श्रीवास्तव, एडिशनल कलेक्टर नाथूराम गौंड, जिला अधिकारी और व्हीसी के माध्यम से एसडीएम, तहसीलदार और सीईओ जनपद पंचायत मौजूद रहे।कलेक्टर चैतन्य ने राजस्व अधिकारियों से कहा कि मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि पर जो भी कार्य पेंडिग है, उसको तत्काल निपटाए जाये, कोई भी कार्य पेडिंग ना रहे, सुनिश्चित किया जाये। बैठक में राजस्व वसूली, आरसीएमएस, लोकसेवा प्रकरण, डायवर्सन, सीएम मॉनिट सहित अन्य बिंदुओं पर चर्चा कर सबंधित अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए गये। उन्होंने एसडीएम और तहसीलदार हटा को अतिक्रमण हटाने के संबंध में दिशा निर्देश दिये।कलेक्टर चैतन्य ने बैठक में कहा संबल-2 योजना को प्राथमिकता से किया जाये। उन्होंने ग्राम पंचायत वार आयुष्मान कार्ड की प्रगति की समीक्षा करते हुए कहा कार्य को प्राथमिकता से लिया जाये।



# किशोरी वैष्णवी गर्ग के मुखारविंद से चल रही श्रीमद् भागवत कथा

## भगवान गिरिराज की परिक्रमा से पाप नष्ट होते हैं

**ब्यूरो रिपोर्ट -रीतेश अवस्थी**

**दमोह।** सिविल वार्ड 6 विवेकानंद नगर टावर के पास चल रही संगीतमय श्रीमद् भागवत महापुराण श्रीमद के पांचवे दिन कथा व्यास किशोरी वैष्णवी गर्ग ने कहा कि श्रीकृष्ण श्रीमद्भागवत कथा में भगवान को छप्पन भोग लगाया और कन्हैया की बाल लीलाओं का वर्णन किया गया।भगवान की माखन चोरी की कथा लौकिक परलौकिक सुख प्रदान करने वाली है। श्री गिरिराज अर्थात श्रीकृष्ण का स्वरूप ही है। भगवान गिरिराज की पूजा एवं दर्शन, परिक्रमा करने से पाप नष्ट होने के साथ साथ ही धन धान्य का लाभ मिलता है। आस्था एवं विश्वास के साथ गिरिराज भगवान की पूजा दर्शन परिक्रमा करने से मनोकामना पूरी होती है। कथा श्रोता राधारानी असाटी, श्रीमति प्रभा, आनंद मोहन नायक, आशा, प्रकाश चंद्र गुप्ता, सुमन नामदेव, आकाश नामदेव, वर्षा अठ्या, सुहागरानी, पं बृज गर्ग ने सभी श्रद्धालुओं से कथा श्रवण करने का अनुरोध किया है।



# भारत जोड़ो यात्रा में राहुल के नेतृत्व में चल रही है यात्रा गोगा देवी नायक दोसा यात्रा प्रभारी के रूप में बखूबी निभाई अपनी भूमिका

**पुष्पांजलि टुडे।संवाददाता।पाली राजस्थान**

**पाली गंगानगर।** रायसिंहनगर भारत जोड़ो यात्रा में रायसिंहनगर से यूथ राज्य संयुक्त सचिव गोगा देवी नायक को दोसा यात्रा प्रभारी बनाया गया था जिसके चलते लगातार 3 दिनों तक यात्रा की मॉनिटरिंग करते हुए यात्रा को सफल बनाने की भरपूर कोशिश की जिसके चलते लाखों की संख्या में कांग्रेसी कार्यकर्ता यात्रा में शामिल हुए जिसमें राहुल गांधी के नेतृत्व में चलने वाली यात्रा में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत वह सचिन पायलट महेंद्र सिंह गहलोत केश कला बोर्ड अध्यक्ष कृष्णा पूनिया विधायक अर्चना शर्मा समाज कल्याण बोर्ड अध्यक्ष यूथ कांग्रेस राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीनिवासन जी राजस्थान प्रभारी वंदना जी ,यूथ कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष गणेश घोघरा विधायक ,यूथ कांग्रेस राष्ट्रीय महासचिव राजस्थान प्रभारी शाहिद मोहम्मद ,यूथ कांग्रेस सचिव रेखा कलस, दोसा जिला अध्यक्ष यूथ कांग्रेस प्रकाश जी समेत समस्त विधायक व मंत्री गण मौजूद रहे इस मौके पर कल देर शाम बांदीकुई मैं कल की यात्रा को विश्राम दिया गया जिसमें गोगा देवी नायक ने सभी देश के कोने-कोने से आए हुए कांग्रेस के कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया और दौसा जिले में यात्रा सफल बनाने के लिए भी स्थानीय कार्यकर्ता और युद्ध के जिला अध्यक्ष प्रकाश वह स्थानीय समस्त कार्यकर्ताओं का भी आभार व्यक्त किया इस मौके पर यूथ के राष्ट्रीय अध्यक्ष और प्रदेशाध्यक्ष विधायक गोगरा जी का भी धन्यवाद किया इस मौके पर राष्ट्रीय अध्यक्ष ने गोगा देवी की भूरी भूरी प्रशंसा करते हुए उन्हें बधाई दी







# होटल किचन में लगी आग, घरेलू गैस का उपयोग नाबालिग से करवाते मजदूरी

## गैस टंकी छुपाई, फायरबिग्रेड ने पाया आग पर काबू होटल में आग लगने के बाद मची अफरा-तफरी,पाया आग

**पुष्पांजलि टुडे संवाददाता पाली राजस्थान**

भूंगरा गैसकांड में अब तक 35 लोगों की जान जा चुकी है लेकिन बाड़मेर प्रशासन हादसे से कोई सबक लेता नहीं दिख रहा है। प्रशासन दावे कर रहा है कि होटल संचालकों व गैस एजेंसियों के साथ मीटिंग कर घरेलू गैस सिलेंडर उपयोग नहीं लेने को कहा है, लेकिन प्रशासन के दावों की पोल न्यू केके होटल किचन में लगी आग ने खोल दी। होटल में धड़ल्ले से घरेलू गैस का उपयोग भी हो रहा था। फिर टंकियों को छुपा भी लिया गया। ग़नीमत यह रही कि गैस टंकियों में आग नहीं लगी, इससे बड़ा हादसा टल गया। वहीं, होटल में नाबालिग बच्चों से मजदूरी भी करवाई जा रही है। आग फैलने से पहले ही फायरबिग्रेड की मदद से आग काबू पा लिया गया है।होटल किचन में गर्म तेल में तड़का देने के दौरान लगी आग, घरेलू गैस सिलेंडर का हो रहा था उपयोग, गनीमत रही सिलेंडर में आग नहीं लगी।होटल किचन में गर्म तेल में तड़का देने के दौरान लगी आग, घरेलू गैस सिलेंडर का हो रहा था उपयोग, गनीमत रही सिलेंडर में आग नहीं लगी।दरअसल, बाड़मेर शहर से निकलने वाले नेशनल हाईवे सर्विस लाइन न्यू केके होटल के किचन में सोमवार सुबह अचानक आग लग गई। आग लगने के बाद अफरा-तफरी मच गई। होटल में घरेलू गैस सिलेंडर का उपयोग होने के साथ नाबालिग बच्चों से भी काम करवाया जा रहा था। आग फैलती इससे पहले नाबालिग व कर्मचारियों ने गैस टंकियों को बाहर निकाल लिया गया। सूचना मिलने पर फायर बिग्रेड की पहुंची। आग पर काबू पा लिया गया। शहर सहित जिले भर में घरेलू गैस का उपयोग धड़ल्ले से किया जा रहा है। लेकिन प्रशासन मूकदर्शक बना हुआ है। सोमवार को हाइवे पर केके होटल कीचन में सब्जी बना रहे थे। इस दौरान गर्म तेल मे तड़का देने के दौरान तेल उछला और आग लग गई। कर्मचारियों ने पानी डालकर आग को बुझाने का प्रयास किया। वहीं कर्मचारियों ने आनन-फानन में उपयोग में ले रहे घरेलू गैस टंकियों को बाहर निकाला। होटल में नाबालिग मजदूरी करता हुआ भी नजर आया।प्रशासन दावें कर रहा है कि मीटिंग में घरेलू गैस सिलेंडर उपयोग में नहीं ले रहे, लेकिन होटल किचन में आग लगने पर खुली पोल।प्रशासन दावें कर रहा है कि मीटिंग में घरेलू गैस सिलेंडर उपयोग में नहीं ले रहे, लेकिन होटल किचन में आग लगने पर खुली पोल।

**16 साल का नाबालिग कर रह था मजदूरी-** नाबालिग से जब पूछा कि होटल में काम करता है तो उसने बताया कि 15 दिनों से काम कर रहा हूं। 6 हजार रुपए सैलरी देते है। गर्म तेल में फ्राई कर रहा था अचानक आग लग गई। तीन सिलेंडर को बाहर लेकर आए।

**फायर मैंन ने कहा- घरेलू गैस के सिलेंडर खुले थे-** नगर परिषद फायरमैंन डूंगराराम कहना है कि सूचना मिली न्यू केके होटल कीचन में आग लगी इस पर फायर बिग्रेड लेकर होटल पहुंचे। उस आग लगी हुई थी। होटल कर्मचारियों ने बताया कि सब्जी की फ्राई करने के दौरान आग लगी है। आए तब सिलेंडर खुले हुए थे। करीब तीन घरेलू गैस सिलेंडर थे।होटल संचालक ने गैस सिलेंडर को छुपा दिया। गनीमत यह रही कि सिलेंडर में आग नहीं लगी बड़ा हादसा टल गया।होटल संचालक ने गैस सिलेंडर को छुपा दिया। गनीमत यह रही कि सिलेंडर में आग नहीं लगी बड़ा हादसा टल गया।

**होटल संचालक की सफाई-** होटल संचालक का कहना है कि किचन में बच्चे काम कर रहे थे। गर्म तेल में तड़का लगाने के दौरान आग लग गई। किचन में थोड़ा बहुत नुकसान हुआ है। गैस टंकियों को बाहर निकाल दिया था। आग पर काबू पा लिया गया। दो टंकिया कीचन में रखी हुई थी। कॉमिर्शियल यूज करते है लेकिन खत्म हो गई थी इसलिए घरेलू उपयोग में ले रहे है।

**बीते वीक हुई थी मीटिंग-** भूंगरा गांव में गैसकांड में 35 लोगों की मौत हो चुकी है। प्रशासन ने होटल मालिक, गैस एंजेसी सहित कार्मिशियल गैस उपयोग लेने वालों के साथ मीटिंग की और उन्होने हिदायत दी कि घरेलू गैस का उपयोग नहीं करें। प्रशासन के दावों की पोल न्यू केके होटल में आग लगने के बाद खुल गई। होटल में घरेलू गैस सिलेंडर का उपयोग होने के साथ-साथ नाबालिग बच्चों से भी मजदूरी करवाई जा रही है। प्रशासन कार्रवाई न कर खानापूर्ति करती नजर आ रही है।



# प्रदेश प्रभारी संजय कपूर ने ली जिला कांग्रेस की बैठक

**ब्यूरो रिपोर्ट -रीतेश अवस्थी**

**दमोह।** मध्य प्रदेश कांग्रेस के प्रभारी और राष्ट्रीय सचिव संजय कपूर एवं सह प्रभारी पवन पटेल के द्वारा जिला कांग्रेस कार्यालय में जिलाध्यक्ष मनु मिश्रा की अध्यक्षता में हाथ से हाथ मिलाओ अभियान के संबंध में बैठक ली। बैठक में संजय कपूर ने कहा कि आगामी 26 जनवरी 2023 से राष्ट्रीय कांग्रेस पार्टी के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं हम सभी के नेता राहुल गांधी द्वारा कांग्रेस के चुनाव चिन्ह हाथ का पंजा से आमजन को जोड़ने के लिए हाथ से हाथ मिलाओ अभियान का श्री गणेश करेंगे,जिसमें भारत जोड़ो यात्रा के समापन के बाद हाथ से हाथ मिलाओ अभियान के अंतर्गत गांधी चौपाल का आयोजन पुनः शुरू किया जाएगा। आगामी 26 जनवरी भारत जोड़ो यात्रा का समापन होगा, उसी दिन से पोलिंग बूथ से लेकर प्रदेश स्तर एवं राष्ट्रीय स्तर पर चौपाल आयोजित की जाएगी। 26 दिसंबर से 29 दिसंबर तक ब्लॉक स्तरीय बैठक आयोजित की जाएंगी जिसमें सभी ब्लॉकों के प्रभारी नियुक्त किए गए हैं जो ब्लॉक मुख्यालय पर बैठक लेकर कार्यक्रम की रूपरेखा तय करेंगे।जिला स्तरीय बैठक में श्री संजय कपूर जी ने सभी पदाधिकारियों को निर्देश दिया है कि इस कार्यक्रम को पोलिंग बूथ से लेकर प्रत्येक गांव पर आयोजित किया जाना है कार्यक्रम में जिला कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारियों सहित सेवादल, युवा कांग्रेस महिला कांग्रेस, किसान कांग्रेस, अनुसूचित जाति कांग्रेस, परिवहन विभाग एवं समस्त प्रकोष्टेन के अध्यक्ष पदाधिकारी उपस्थित रहे जिनमें सतीश जैन कल्लन भैया, मनीषा दुबे, पूर्व विधायक प्रताप सिंह लोधी, जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि गौरव पटेल, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष भगवानदास चौधरी, अमित सिंह, निधि श्रीवास्तव, जिला पंचायत सदस्य रजनी ठाकुर, संजय चौरसिया, प्रीति गौतम, सेवादल अध्यक्ष वीरेंद्र ठाकुर, मंजीत यादव, राजेश तिवारी, अभिषेक, गीता लोधी, स्नेह लता हजारी, संजीत श्रीधर, शहीदा बानू, प्रदीप खटीक, नीरज जायसवाल, राजकुमार सिंह, प्रदीप पटेल, अजय जाटव, भूपेंद्र अजवानी, नीलू पाठक, मानक पटेल, परम यादव, वीरेंद्र दुबे, प्रदीप ताम्रकार, दिनेश रैकवार, अमर सिंह, समीम कुरेशी, राजेंद्र दुबे, अल्ताफ अली, रूद्र प्रताप सिंह, शरद दुबे, रवि सेन, वारिस अली सेवादल ब्लॉक अध्यक्ष, पूरन सिंह, रमन सिंह, महेश अठ्या, प्रेम लाल, चंदन सिंह, सुंदर लाल अहिरवार, बाबूलाल पटेल, मुकेश सेन, अजय परोचे, संदीप बरदिया सहित कांग्रेस के कार्यकर्ता कि उपस्थिति रही।





# वार्षिकोत्सव में स्कूली छात्रों ने किया गुजराती नृत्य

**ब्यूरो रिपोर्ट -रीतेश अवस्थी**

**दमोह।** राइम्स पब्लिक स्कूल दमोह द्वारा स्थानीय मानस भवन में वार्षिकोत्सव का आयोजन किया गया। जिसमें स्कूली छात्रों ने विभिन्न प्रकार के सांस्कृतिक एवं नृत्य का प्रदर्शन किया। कक्षा प्रथम की छात्रा लवन्या परिहार सहित क्लास के अन्य बच्चों ने गुजराती नृत्य प्रस्तुत किया। वार्षिक उत्सव में स्कूली बच्चों के साथ उनके अभिभावक एवं दमोह शहर के आमजन की उपस्थिति रही।

# महिलाएं संगठित होकर बूथ केंद्रों पर महिला सशक्तिकरण की ताकत को मजबूत करें आभा जैन

## गोहद विधानसभा महिला मोर्चा की गोहद नगर, गोहद ग्रामीण, चितौरा, मालनपुर मंडल बैठक संपन्न

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**भिण्ड।** भाजपा महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष श्रीमती आवाज एंड कहा कि भारतीय जनता पार्टी विश्व की सबसे बड़ी पार्टी जिसमें हम सब व्यक्ति नहीं विचार भाव के साथ काम करते हैं महिला मोर्चा किस संगठन का वृक्ष श्रीमंत कैलाश वासी राजमाता विजयराजे सिंधिया ने पराग अपनी पराकाष्ठा, ईमानदारी कर्तव्यनिष्ठा, त्याग और तपस्या संघर्ष के साथ पूरे देश में संगठित किया हम सब मातृशक्ति महिला मोर्चा के संगठन को हर बूथ पर संगठित करते हुए आगामी मिशन 2023 विधानसभा, 24 लोकसभा के लिए महिला सशक्तिकरण की मजबूती के लिए कार्य करें और महिला हितैषी योजनाओं अंतिम छोर तक की मातृशक्ति तक पहुंचाने की जिम्मेदारी मोर्चा के कार्यकर्ता दिला कर उन्हें मजबूत बनाने का कार्य करें । यह उद्गार उन्होंने विधानसभा क्षेत्र गोहद नगर, गोहद ग्रामीण, चितौरा, मालनपुर महिला मोर्चा द्वारा आयोजित बैठकों को संबोधित करते हुए व्यक्त किए।महिला महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष श्रीमती जैन ने कहा कि कांग्रेस में महिलाओं को वोट बैंक समझा और उनके विकास के लिए कोई चिंता नहीं कि हमेशा महिलाओं को उत्पीड़न करते रहे यह उनकी संस्कृति में है भारतीय जनता पार्टी ऐसा राजनीतिक संगठन है जिसने सर्व समाज की महिलाओं को लोकसभा विधानसभा एवं नगरीय निकाय संस्थाओं से लेकर ग्राम पंचायतों तक 50त्न आरक्षण के साथ नेतृत्व दिया है और सम्मान देकर उन्हें आगे बढ़ाने का काम किया उन्होंने कहा कि वह कांग्रेस है जो नैना साहनी का सिर काटकर तंदूर में झोंकना, सरला मिश्रा को आत्महत्या कराने लिए प्रताड़ित करना, डबरा विधानसभा से भाजपा प्रत्याशी पूर्व मंत्री इमरती देवी के बारे में पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ दिग्विजय सिंह जैसे नेताओं ने उन्हें अपमानित करने का काम किया यह महिलाओं का सम्मान देने की बात करते हैं और सोनिया गांधी ने पूर्व प्रधानमंत्री श्री अटल बिहारी वाजपेई द्वारा 33त्न आरक्षण जो महिलाओं को दिया जा रहा था जिसका लोकसभा और राज्यसभा में बिल पास नहीं होने दिया यह महिला विरोधी नीतियों के साथ हमेशा काम करते रहे। उन्होंने कहा कि हम सब अपने अपने बूथ पर सक्रिय मातृशक्ति को संगठित कर पांच पांच बहनों की टीम गठित करें ताकि हमारा महिला मोर्चा का संगठन मजबूत होकर काम करें।इस अवसर मोर्चा की प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अर्चना शर्मा ने कहा कि कि हम सब मातृशक्ति संगठित होकर चुनाव में भारतीय जनता पार्टी का कमल खिलाने के लिए तैयार रहें। जिला उपाध्यक्ष बबली तोमर ने कहा कि सब काम छोड़ कर हम संगठन को गति प्रदान करें महिलाएं हर समाज में आगे और जब महिलाएं समृद्ध होगी तो हम अपनी बात को मजबूती के साथ कह सकेंगे। जिला कोषाध्यक्ष नीलम भदौरिया एडवोकेट ने कहा कि राष्ट्रपति द्रोपति मुर्मू एक महिला है जो गरीब परिवार से आती हैं जिनका अपमानित कांग्रेस ने हमेशा किया और भारतीय जनता पार्टी ने एक आदिवासी परिवार से निकालकर उन्हें राष्ट्रपति जैसे सम्मानित पर पद देकर आगे बढ़ाने का काम किया है हम सब बहने भी अपने अधिकारों के प्रति जागृत होकर राष्ट्र और संगठन के लिए देकर कार्य करें।महिला मोर्चा की बैठकों में जिला मंत्री सरोज जैन, शशितोमर, पिंकी राजावत, गोहद नगर के अध्यक्ष विवेक जैन, चितौरा मंडल के अध्यक्ष रवि शर्मा हरिओम भटेले भी संबोधित किया। गोहद बैठक की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष उमा राठौर, मालनपुर मंडल अध्यक्ष सोना जैन, ने अध्यक्षता की आभार व्यक्त गोहद में आरती शर्मा गोहद, ग्रामीण मंडल अध्यक्ष, मालनपुर में रुकमणी चौहान ने किया। श्रीमती माधुरी जैन, कविता जैन, शशी जैन, शशि तोमर, माधुरी जैन, माधुरी जोशी, सुमन गुप्ता प्रतिमा सोनी, गीता शर्मा, गुड्डी प्रजापति मंडल अध्यक्ष गोहद ग्रामीण, मंजू सक्सेना, रामकली जोशी, बिठौली कुशवाहा, रामादेवी राठौर प्रमुख बहनें उपस्थित थी।



Aadhar
Housing Finance Ltd
GHAR BANEGA, TOH DESH BANEGA.
HOME LOAN | PLOT PURCHASE | TOPUP
HOME EXTENSION | LAP | PURCHAS + CONSTRECTION
Add. Alaknanda Tower - 2, City Centre, Gwalior
Contact : Mr. Santosh Singh Bhadoriya
9179661562

स्वामी, प्रकाशन, मुद्रक एवं संपादक भरत सिंह चौहान द्वारा वॉइस ऑफ मध्यांचल मीडिया नेटवर्क प्राइवेट लिमिटेड 101 वैष्णोपुरम एबी रोड बिरलानगर ग्वालियर म.प्र. 474004 से मुद्रीत करा कर दीपू इलेक्ट्रॉनिक हनुमान मंदिर के पास भिण्ड रोड गोले का मंदिर जिला ग्वालियर मध्यप्रदेश 474005 से प्रकाशित। भरत सिंह चौहान पी. आर. बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। E-mail : Pushpanjalitoday@gmail.com 0751-4050784, Mob.:8269307478